हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 2 सितंबर 2024

तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 23.4 डिग्री

10 स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम परखेगी सफाई व्यवस्था की स्थिति

11 तन-मन को स्वस्थ रखने खेल जरूरी: विधायक भूपेश

खबर संक्षेप

एक दिन में ही 57 मवेशी पकड़े निगम ने

भिलाई। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में घूमंतु मवेशियों को पकड़ कर गोठान में छोड़ने का कार्य किया गया। 15 गाय, 28 नंदी, 8 बछरू , 4 भैंस पकड़े गए। कुल 57 मवेशियों की धर-पकड़ की गई। पकड़ा गया। क कार्रवाई के दौरान तोड़फोड़ प्रभारी हरिओम गुप्ता, जोन के राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी, जेपी तिवारी, बालकृष्ण नायडू, धीरज साहू, अनिल मेश्राम, कन्हैया यादव, मंगल, विष्णु अपने दल के साथ उपस्थित रहे। वर्तमान में नगर निगम भिलाई में तीन काऊ कैचर गाड़ी चल रही है। जिसके माध्यम से जानवरों को पकड़ा जा रहा है। आवारा पशुओं को पकड़ कर कोसा नगर गोठान, एवं डी मार्ट गोठान डिपो में छोड़ा गया ।

सड़क हादसे में वृद्ध की मौत, अपराध कायम

भिलाई। चाय पीकर घर आ रहे वृद्ध को अज्ञात वाहन चालक ने ठोकर मार दी घटना में वृद्ध की मौके पर मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि वार्ड 56 बघेरा थाना दुर्ग निवासी मृतक लखन विश्वकर्मा 70 वर्ष 31 अगस्त की सुबह चाय पीने के लिए साहू होटल बघेरा गया हुआ था। अज्ञात वाहन चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए लखन को चपेट में लिया। लखन के दोनों हाथ, बांये पैर समेत शरीर के विभिन्न जगहों पर चोट आई। गंभीर अवस्था में वृद्ध को उपचार कराने के लिए जिला अस्पताल पहुचाया गया। लेकिन रास्ते में लखन ने दम तोड़ दिया।

किशोरी से अनाचार युवक गिरफ्तार

भिलाई। किशोरी के साथ अनाचार कर उसे गर्भवती करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 363, 376, 376 (2) (एन) पास्को एक्ट की धारा 3,4,6 के तहत जुर्म दर्ज किया है। अंजोरा पुलिस ने बताया कि ग्राम बिरेझर बस्ती निवासी आरोपी ईश्वर विश्वकर्मा 37 वर्ष 5 माह पहले पूर्व किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ हैदराबाद लेकर भाग गया था। किशोरी के गायब होने की शिकायत परिजनों ने पुलिस से की थी। पुलिस की टीम ने आरोपी को मुखबिर की सूचना पर आरोपी ईश्वर को गिरफ्तार किया। किशोरी के पेट में करीब 7 माह का गर्भ भी है। कार्रवाई में आशीष राजपूत, लता सुमन, बृजमोहन, योगेश चंद्राकर, सुमन देशमुख ,सुरेश साहू का योगदान रहा है।

दुर्ग संभाग के चार जिलों के खेतों में पहुंच रहा है सिंचाई के लिए पानी

तांदुला से आ रहा 1300 क्यूसेक पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जुलाई महीने में इस बार बारिश कम हुई। जिसकी वजह से खेतों में फसल के लिए पानी की कमी हो गई है।

मौजूदाहालात को देखते हुए तांदुला जलाशय से हर रोज पानी आ रहा है। यहां से दुर्ग संभाग के चार जिलों के खेतों में सिंचाई के लिए पानी छोड़ा गया है। दुर्ग, बालोद, बेमेतरा और राजनांदगांव जिले के लगे एरिया में तादुंला जलाशय से पानी आ रहा है। अगस्त महीना शुरू हो गया है। मौसम विभाग हर दिन सिस्टम बनने और बारिश होने की भविष्यवाणी कर रहा है लेकिन हालात उलट हैं। बारिश नहीं हो पा रही है। भिलाई दुर्ग सहित प्रदेश में 2 सितंबर को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

68 हजार हेक्टेयर में पहुंच रहा जलाशय का पानी

जल संसाधन विभाग के मुताबिक दुर्ग, बालोद, बेमेतरा और राजनादगांव जिले के 68 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में तादुंला जलाशय से सिंचाई के लिए पानी दिया जा रहा है। 22 अगस्त से तादुंला जलाशय के लिए गेट खोले गए हैं। यानी पिछले 11 दिनों से बारिश ही नहीं हो पाई है। आसमान पर काले बादल छाए रहते हैं लेकिन बरसते नहीं। बारिश होती भी है तो कुछ देर के लिए। फसलों के लायक बारिश हो नहीं पा रही है। जलाशयों से पानी छोड़ने के बाद सभी को उम्मीद थी कि अच्छी बारिश होगी लेकिन अब तक ऐसी स्थिति ही नहीं बन पाई है।

हर दिन 0.10 फीट पानी हो रहा है कम

तादुंला जलाशय से पानी छोड़ने के बाद हर दिन यहां 0.20 फीट से लेकर 0.0.30 फीट जलस्तर कम हो रहा है। यानी रोजाना इस जलाशय से 0.10 फीट पानी के जलभराव में कमी आ रही है। पिछले साल भी इसी तरह तादुंला जलाशय से सिंचाई के लिए पानी छोड़ा गया था लेकिन हालात इस बार से बेहतर थे। जलाशय में पानी का जलभराव काफी अच्छा था।

तादुंला जलाशय में अब भी 83.49 फीसदी जलभराव

तादुंला जलाशय में सिंचाई के लिए पानी छोड़े जाने के बाद भी जलभराव की स्थिति बेहतर है। रविवार तक इस जलाशय में 83.49 प्रतिशत जलभराव है। गोंदली जलाशय से भी सिंचाई के लिए पानी छोड़ा गया है लेकिन यह दुर्ग जिले के लिए नहीं है। इस जलाशय में वर्तमान में 50.19 प्रतिशत पानी भरा हुआ है।खरखरा जलाशय में 98.51 प्रतिशत और खपरी जलाशय में 72.44 प्रतिशत पानी भरा है। मरोदा टैंक में बीएसपी के लिए पानी स्टोरेज होता है। यहां तादुंला व गंगरेल से पानी पहुंचता है। इस जलाशय में 40.51 प्रतिशत पानी भरा हुआ है।

कोटा पूरा करने 454 मिली बारिश की जरूरत

मौसम विभाग के मुताबिक पिछले दस साल के दौरान अगस्त महीने में तीसरी बार कम बारिश हुई है। इस साल पूरे महीने में दुर्ग जिले में 598.1 मिलीमीटर बारिश हो पाई है। जिले में कोटे का औसत वर्षा 1052 मिलीमीटर है। इस हिसाब से कोटा पूरा करने के लिए 454 मिलीमीटर बारिश की और जरूरत है। जिले में सबसे ज्यादा बारिश पाटन ब्लॉक में हुई है।

सुपारी देने वाला है फरार

वाइन शॉप के मैनेजर पर हमला करने वाले तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

धारदार हथियार से हमला करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 109,112 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पंचशील नगर दुर्ग निवासी नरेन्द्र सोनी, गया नगर दुर्ग राज मानिकपुरी उर्फ राजा, शैलेष सिन्हा उर्फ सर्किट को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि कृष्णा नगर व प्रीमियम वाइन शॉप मैनेजर कुमार वर्मा रात को अपनी ड्यूटी से घर जा रहा था। इस दौरान गणेश मार्केट सुपेला के पास तीनों युवक बाइक से पहुचे थे। उमेश से गाली गलौज मारपीट कर धारदार चाकू से हमला करना स्वीकार किया। राजनांदगांव निवासी अश्वनी वर्मा उर्फ आशु ने तीनों आरोपियों को उमेश को चाकू मारने की सुपारी दी थी। तीनों आरोपियों ने मैनेजर का तीन दिन से रैकी किया उसके बाद मौका मिलते ही हमला कर फरार हो गए थे। हमला करने के बाद आरोपियों को अश्वनी ने 30 हजार रुपए दिया। बचा रकम नहीं दिया था। मामले में पुलिस ने अश्वनी वर्मा की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। इस कार्रवाई में सुपेला टीआई राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

भिलाई में स्वाइन फ्लू से तीसरी मौत

जिले में मिल चुके अब तक 23 मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिले में स्वाइन फ्लू को लेकर एलर्ट रहने की जरूरत है। शनिवार को एक और व्यक्ति की मौत स्वाइन फ्लू से हो गई। अब तक दुर्ग जिले में तीन लोगों की संदिग्ध मौत हो चुकी है। वहीं 23 मरीजों में इसके लक्षण मिले हैं। मृतक भिलाई सेक्टर 4 निवासी बताया जाता है। इसके पहले दो और लोगों की मौत इस बीमारी से हो चुकी है। सबसे ज्यादा भिलाई और कुम्हारी क्षेत्र में स्वाइन फ्लू के मरीज सामने आए हैं। इस बीमारी के तीनों मरीजों को रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। एक मरीज का इलाज चंदूलाल चंद्राकर हॉस्पिटल और दूसरे मरीज को श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। तीन मरीजों का इलाज घर पर ही हो रहा है।

पिछले 20 दिनों में मिले ये मरीज

स्वाइन फ्लू के 23 मरीज पिछले 20 दिनों में ही मिल चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक शनिवार 31 अगस्त को सेक्टर 4 निवासी एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके पहले सेक्टर 5 और कुम्हारी निवासी दो बुजुर्गों की मौत भी इस बीमारी की वजह बताई जा रही है। इन प्रकरणों के बाद भी इस बीमारी के मरीज मिलते जा रहे हैं। स्वाइन फ्लू वर्तमान में नियंत्रित है लेकिन यदि स्वास्थ्य विभाग इसे गंभीरता से नहीं लिया तो यह व्यापक पैमाने पर फैल सकता है।

रीवा से तीन आरोपी गिरफ्त में

प्रोफेसर हमले मामले में अब भी तीन है फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शासकीय खूबचंद बघेल महाविद्यालय के प्रोफेसर के साथ हुए हमला मामले में पुलिस ने तीन आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि एमपी के प्रसुन पाण्डेय, उत्कर्ष वेनी, करण नामक तीनों युवकों को प्रोफेसर पर हमला करने बुलाया गया था। इन्हें घटना को अंजाम देने के लिए साजिश रचने वाले भिलाई तीन निवासी प्रवीर शर्मा, उसका अकाउंटेंट धीरज, रायपुर शिवम मिश्रा है। उक्त तीनों आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम बनाकर जगह-जगह दबिश दे रही है। लेकिन एमपी से तीन युवकों की गिरफ्तारी के बाद से तीनों युवक फरार है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों के पूछताछ में पुलिस को कई चौकाने वाली जानकारी सामने आई है। प्रवीर शर्मा के पकड़े जाने के बाद प्रोफेसर हमले में पुलिस बड़ा खुलासा किया जा सकता है। इसके अलावा हमला मामले में कई लोग के नाम सामने आने की संभावना भी जताई जा रही है।

- भिलाई तीन पुलिस कर रही है जांच

गणेशोत्सव को लेकर पुलिस सजग

एसपी ने ली थाना प्रभारियों की बैठक कहा- नशे के खिलाफ करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एसपी जितेंद्र शुक्ला ने सभी थाना प्रभारियों की बैठक लेकर नशा और ड्रंक एण्ड ड्राईव के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने की हिदायत दी है। एसपी ने बताया कि गाड़ी चलाते हुए या मोबाईल पर बात करते हुए पकड़े जाने पर कार्यवाही के साथ-साथ लायसेंस निरस्तीकरण भी किया जाएगा। इसके अलावा गणेश उत्सव के पर्व के दौरान शांति पूर्ण ढंग से मनाये जाने के लिए पुलिस सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने को प्रभारियों से कहा है। गणेश पंडाल के लिए समितियों को नियत तिथियों में ही गणेश विसर्जन कर देर रात तक किसी भी पंडाल में लाउड स्पीकर व डी.जे. नहीं बजाये जाने का निर्देश दिया। गणेशोत्सव में प्रतिमा की सुरक्षा के लिए वालेन्टियर, कार्यक्रम स्थल पर संदिग्ध व्यक्तियों व संदिग्ध सामान पर पैनी नजर, बारिश होने पर पानी प्रतिमा पर न पड़े पानी से बचने के लिए उचित व्यवस्था, रात्रि में गणेश पंडाल के पास कम से कम 2 वालेन्टियर रहना अनिवार्य है। क्लोज सर्किट टीव्ही आवश्यकतानुसार रखें। समिति के सदस्यों की सूची व मोबाईल नंबर थाना में दे। इस दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर, सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी समेत थाना प्रभारी मौजूद थे।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र उतई में अखबार की प्रति, समाचार एवं विज्ञापन के लिए जिज्ञासा
न्यूज एजेंसी (लेखराम सोनवानी)
मो. 9691072365 पर संपर्क करें।

सिंगल यूज प्लास्टिक पर भिलाई निगम की बड़ी कार्रवाई

85 दुकानदारों पर 32 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई द्वारा लगातार सिंगल यूज प्लास्टिक बड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी के अंतर्गत रविवार को पावर हाउस सर्कुलर मार्केट में कार्रवाई की गई। बार-बार समझे देने के बाद भी, व्यापारी सिंगल यूज प्लास्टिक बेच रहे थे। 85 दुकानदानों से सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्यवाही की गयी। नगर निगम के टीम को देखकर व्यापारी सिंगल प्लास्टिक को इधर-उधर फेंकने लगे। कोई कहीं छुपाता, कोई कहीं छुपाता, इतना बचा हुआ था आगे से नहीं बचेंगे यही सब बहाना बना रहे थे। बड़ी-बड़ी दुकानों द्वारा भी गंदगी फैलाई जा रही थी। पुराने वासी खाद्य सामग्री को मिलाकर के बेचा जा रहा था। इन सभी पर भी चेतावनी देते हुए जुर्माने की कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य विभाग के टीम के द्वारा 32 दुकानों पर 32500 रुपये जुर्माना किया गया।

इन दुकानों पर कार्रवाई

निगम की टीम ने इन प्रमुख दुकानों पर कार्रवाई की। जिसमें पॉपुलर प्लास्टिक, मनीष टी कंपनी,पवन पुत्र टी स्टॉल, सिंह ट्रेडिंग, न्यू भारत प्लास्टिक, रुक्मणी एजेंसी, पवन पुत्र टी कंपनी, दीपक किराना, दुकान एजाज अहमद पावर हाउस, पूजा किराना स्टोर,कृष्ण ट्रेडर्स,संजय चना दुकान, शारदा चना,जैन मार्ट,रामाश्रय गुप्ता, गुप्ता कबाड़ी आदि। 00 50 से अधिक दुकानों को दी समझाइश निगम की टीम ने 50 से अधिक दुकानदारों को समझाइश दी। प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। इन होटल में गंदगी पायी गयी। नवरंग डेयरी, गुरु नानक बेकरी, बिहार होटल, मां जगदंबा स्वीट्स, शंकर डेयरी, समीर डेयरी के विरूद्ध भी कार्यवाही की गई। सिंगल यूज प्लास्टिक शासन के आदेशानुसार प्रतिबंधित है। यह सबके लिए हानिकारक है। पर्यावरण स्वास्थ्य, सफाई सभी दृष्टिकोण से इसको रखना, इसमें सामग्री बेचना, इसमें रखी गई सामग्री को खाना नुकसानदेह है।

गिरदावरी के साथ फसलों की होगी पड़ताल, मकान-सड़क व मेड़ का कटेगा रकबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग। खरीफ सीजन 2024-25 को लेकर जिला प्रशासन के राजस्व महकमा द्वारा गिरदावरी का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस दौरान किसानों द्वारा बोए गए फसलों की पड़ताल की जाएगी, वही खास तौर पर सड़क मकान वह मेड वह खेती जमीन पर बने चबूतरे की भी जाँच होंगी।

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने विगत दिनों राजस्व विभाग की बैठक लेकर गिरदावरी कार्य को गंभीरता से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। आगामी 30 अक्टूबर तक चलने वाले इस प्रक्रिया को लेकर धमधा, दुर्ग और पाटन के पटवारियो ने गिरदावरी का काम शुरू कर दिया है। राजस्व विभाग का अमला खेतों तक पहुंचकर अपनी रिपोर्ट तैयार करने में जुट गया है। हालांकि इस बार यह स्पष्ट कर दिया गया है कि जितने रकबे में किसानों ने धान की खेती की होगी, उतना धान ही वे बेच पाएंगे। यदि किसी किसान ने खेती भूमि में निर्माण कराया है तो उतना रकबा कटौती किया जाएगा।

हालांकि प्रदेश सरकार द्वारा प्रति क्विंटल किसानों को मिलने वाले 3100 रुपए भुगतान का असर भी दिखाई दे रहा है। गिरदावरी के शुरूआती सर्वे में जो बात सामने आ रही है, उसके अनुसार इस बार धान का रकबा जिले में बढ़ सकता है। खरीफ सीजन के लिए धान की खेती ही किसानों की पसंद बन गई है। भले ही सरकार कितनी भी कोशिशें अन्य फसल को बढ़ावा देने के लिए कर रही हो, लेकिन किसान धान की फसल पर ही अपना विश्वास जता रहे हैं।

धान का रकबा बढ़ने के आसार, किसानों की पसंद बनी धान की खेती

भुईया से सिस्टम कनेक्ट

सोसाइटियों में पंजीयन किए जाने के बाद इस सॉफ्टवेयर को सिस्टम से जोड़ा गया है, जिसे वर्तमान में जमीन मालिकों की जानकारी आसानी से मिल जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार खेतों के बीच कम से कम 100 वर्गफीट या उससे अधिक जमीन पर यदि निर्माण कराया जाता है तो उस रकबे में कटौती की जाएगी। ऐसे ही खेत में दस फीट चौड़ी सड़क का निर्माण करने पर ही गिरदावरी में जमीन कटौती की जाएगी। खेतों में मेड़ वाले हिस्सों को भी रकबे में नहीं जोड़ा जाएगा, जितने इलाकों में फसल ली जाएगी, उनका ही गिरदावरी रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

30 अक्टूबर तक होगी प्रक्रिया होंगी पूरी

हल्का क्षेत्र में फसलों की गिरदावरी के काम में पटवारी लग गए हैं। गिरदावरी का काम 20 अगस्त से शुरू कर दिया गया है। यह सर्वे का काम आगामी 30 अक्टूबर तक जारी रहेगा। दावा-आपत्ति की प्रक्रिया के बाद यह स्पष्ट हो जाएगा कि इस बार जिले में कितने रकबे में किसानों ने धान की खेती की है। पटवारी गिरदावरी का काम मैन्युअल और ऑनलाईन दोनों सिस्टम से कर रहे हैं। किसानों के खातों में यह दर्ज किया जा रहा है कि उनके पास कुल जमीन में कितने रकबे में धान या अन्य कोई फसल लगाई गई है, जिन किसानों ने पिछले साल अपनी खेतों में धान नहीं लगाया था, इस साल धान लगाए हैं।

खबर संक्षेप

कंडरापारा में बनेगा सामुदायिक भवन

दुर्ग। कंडरापारा में सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन बनेगा। शिवमंदिर के कार्यक्रम में पहुंचे विधायक गजेंद्र यादव ने वार्डवासियो के समक्ष घोषणा की। वार्ड 34 में भवन की लंबित मांग जल्द ही पूरी हो जाएगी। भवन बन जायेगा तो छोटे छोटे घरेलु व सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित कर सकेंगे। बारिश की समस्या भी नहीं होगी। दुर्ग विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 34 कंडरापारा में नवनिर्मित शिव मंदिर का वार्ड के नागरिकों ने हवन पूजन कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में शहर विधायक गजेंद्र यादव भी शामिल हुए और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लेकर उपस्थित जनता को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में पार्षद कमल देवांगन, पार्षद कांशीराम कोसरे, कुलेश्वर साहू, मनीष साहू, अनूप गटागट, सीमा कंडरा, अंजनी निर्मलकर, जानकी, गंगा ढीमर, दशरथ, शिव सिन्हा, भोला मरकाम, मोहन मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

छग निषाद केंवट समाज का तीज मिलन 15 को

दुर्ग। छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज दुर्ग जिला स्तरीय महिला प्रकोष्ठ द्वारा प्रथम वर्ष तीज मिलन समारोह मानस भवन दुर्ग स्टेडियम में 15 सितम्बर को आयोजन किया जाएगा । इसमें महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती संतोषी निषाद ने बताया कि सम्मत समाज के 13 परिक्षेत्र तहसील पचगैह गांव के महिलाएं शामिल होंगे। आयोजन में दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव की पत्नी श्रीमती रेणुका यादव भी मौजूद रहेंगी। इसके अलावा दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की पत्नी श्रीमती पुजा चंद्राकर, श्रीमती सुशीला, श्रीमती मंजू वोरा, श्रीमती श्वेता बाकलीवाल, श्रीमती प्रेमलता निषाद, श्रीमती जानकी निषाद, श्रीमती संतोषी निषाद, श्रीमती रागिनी निषाद, श्रीमती हमेश्वरी निषाद, श्रीमती रामप्यारी निषाद विशेष रूप से मौजूद रहेंगी। साथ ही समाज के अन्य विशिष्ट महिलाओं को आमंत्रित किया गया है। इस आयोजन में समाज की महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद पारंपरिक वेशभूषा एवं अनेक मनोरंज कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। जिला महिला प्रकोष्ठ के आयोजकों ने समाज की महिलाओं को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की हैं।

कार्यकाल समाप्त हुए चार साल गुजरा, भाजपा को भी सुध नहीं

अफसरों के भरोसे चल रही 3 सौ से अधिक सोसाइटियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के अधीन दुर्ग, बेमेतरा और बालोद जिले की करीब 311 समितियां अफसरों के भरोसे चल रही है। जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक अध्यक्ष सहित समितियों में होने वाला चुनावी कार्यकाल समाप्त हुए चार साल बीतने को है। लेकिन अब तक चुनावी कार्यक्रम तक घोषित नही किए गए है। यही नहीं इधर सत्ता में आई भाजपा के नेता में सहकारिता से दूरी बनाए हुए है। हालात यह हैं कि, समितियो मं किसानों की समस्या और वेतन के लाले कर्मचारियों का सुनवाई नही हो पा रही है।

जानकारी अनुसार जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के समितियों में चुनाव विगत वर्ष 11 जून 2015 को हुआ था। इस बीच प्रदेश में वर्ष 2018 को कांग्रेस की सरकार बनी। इस बीच जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक का अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन के जगह कांग्रेस ने बगैर चुनाव और एक्ट में संसोधन कर कांग्रेस के जवाहर वर्मा को अध्यक्ष पद के लिए सुशोभित कर दिया था। हांलाकि बाद में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव राजेन्द्र साहू को अध्यक्ष नामिनेट किया गया था। वर्तमान में समितियों का कार्यकाल 11 जून 2020 को समाप्त हो चुका था, जिसके छः माह के अंदर चुनाव होना था। चुनाव नही कराए जाने के कारण विगत चार साल से बैंक और समितियों में ओआईसी व प्राधिकृत अधिकारियों को बैठाया गया है। जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के अध्यक्ष के जगह कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी प्राधिकृत अधिकारी है, वही दुर्ग, बालौद और बेमेतरा के 311 समितियो में प्राधिकृत सहकारी संस्थाएं के कर्मचारियों को बनाया गया है। इस तरह जनप्रतिनिधियों के बजाय समितियों में अफसरों का जमकर बोलबाला चल रहा है।

समितियों में किसान और कर्मचारियों की समस्या से नेताओं का किनारा

भाजपा की सहकारिता से दूरी समझ से परे

ऐसी उम्मीद थी कि, भाजपा की प्रदेश में सरकार आने के बाद या तो समितियों में चुनाव होगें या कांग्रेस की तरह भाजपा भी प्राधिकृत अधिकारी मनोनित करेगी। लेकिन सरकार बने आठ माह बीतने को है। पार्टी ने इस और किसी तरह की एक्सरसाइज ही नही की है। हांलाकि सूत्र बताते हुए कि अंदर खाने समितियो में प्राधिकृत अधिकारी के लिए फौज तैयार हो गई है। लेकिन पार्टी एक दो नही बल्कि फौज खडे होने से चिंता में है।

किसान लड़ रहे अपनी लड़ाई

खरीफ सीजन शुरू होने के साथ ही डीएपी व यूरिया खाद की जमकर जिले में किल्लत रही। लेकिन नेताओ ने चुप्पी साधी रही, हालात यह हैं कि, अपनी बेबसी को खुद किसानों ने प्रशासन के समक्ष जाहिर की थी। यही नही हाल ही में समितियों में कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटर, लिपिक और चपरासियो ने आठ माह से वेतन नही मिलने के कारण बैंक की चाबी प्रबंधक को सौंप दी थी। अभी तक उनका भुगतान नही हो सका है। इस तरह समिति स्तर पर समस्याओं की सुनवाई तक नही हो रही है।

ऋण घोटाले पर प्रशासन की चुप्पी

हाल ही में बेमेतरा के नवांगढ ब्रांच में करीब 75 लाख रूपए का आवास ऋण घोटाला सामने आया था। जिस पर बेमेतरा कलेक्टर रणबीर शर्मा ने नवागढ थाने में एफआईआर दर्ज कराया था। इसके बाद ही हरिभूमि ने बेमेतरा के देवकर और दुर्ग के मुंरमुंदा शाखा में भी 19 लाख का आवास ऋण घोटाले का पर्दाफाश किया था। इसके बाद नगपुरा ब्रांच मं ही ढाई करोड का आवास ऋण गडबडी का उजागर किया। इन सभी मामले में पूर्व में जिला सहकारी बैंक में जांच हो चुकी थी। लेकिन अफसरों ने मामला दबा दिया था। वर्तमान में प्राधिकृत अधिकारी व कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने भी कोई कार्यवाही नही की है। यही कारण हैं कि, सोसायटियों में अफसरों का बोलबाला चल रहा है।

खेल सामग्री खरीदने 11 लाख मिले, बीईओ में नहीं भेजी राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन द्वारा स्कूलो में खेल सामग्री खरीदने के लिए संभागीय कार्यालय को 11 लाख रूपए की राशि जून माह में ही जारी कर दिए गए है। जेडी से यह राशि संभाग के जिलो को भेजे जा चुके है। लेकिन जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा राशि बीईओ को नही दी गई है। बीईओ तक राशि नही पहुंचने के कारण खेल सामग्रियों की खरीदनी नही हो सकी है।

■ आवंटन दिए दो माह गुजरे लेकिन दबाए रखी राशि

जानकारी अनुसार लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा बीस जून 2024 को आबंटन जारी किए जाने के निर्देश सभी संयुक्त संचालको को जारी किए थे। वहीं सात जून को अवर सचिव आरपी वर्मा द्वारा संचालनालय को पत्र जारी किए जा चुके थे। हरिभूमि की पडताल में पता चला किए दुर्ग जेडी से शिक्षा विभाग को राशि जारी की जा चुकी है। दुर्ग जिले में प्राप्त राशि को लेकर अफसरों का कहना हैं किए सर्वर की समस्या होने के कारण राशि बीईओ कार्यालय में ट्रांसफर नही हो पाई है। बहरहाल जून माह में आबंटन जारी होने के बाद भी दो माह समाप्त होने को हैए लेकिन अब तक बीईओ को राशि नही भेजने से सवाल उठ रहे है। पता चला है किए राज्य शासन द्वारा प्रदेशभर में वित्तिय वर्ष 2024.25 के बजट से प्रदेशभर में करीब दो सौ करोड रूपए जारी किए गए है। इस राशि से खेलकूद सामग्री भंडार क्रय नियम के पालन की शर्त के तहत प्रशासक्रिय स्वीकृत दी गई है।

सहायक कलेक्टर को तहसील कार्यालय धमधा एवं जिला पंचायत में किया गया संलग्न

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में पदस्थ वर्ष 2023 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारी एम भार्गव भाप्रसे सहायक कलेक्टर दुर्ग को जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु सहायक कलेक्टर श्री भार्गव को 2 से 15 सितम्बर तक दो सप्ताह की अवधि के लिए प्रशिक्षण अभ्यास हेतु जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी में संलग्न किया गया है। इसी प्रकार 23 से 29 सितम्बर तक एक सप्ताह की अवधि के लिए तहसील कार्यालय धमधा में संलग्न किया गया है। प्रशिक्षण अवधि में तारसिंह खरे तहसीलदार धमधा द्वारा सहयोग प्रदान किया जाएगा।

तकिया पारा शक्ति केंद्र में अल्पसंख्यक कार्यकर्ताओं को सदस्यता दिलाने बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भाजपा की राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान की तैयारी जोरों पर है। 2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बीजेपी की सदस्यता ग्रहण करते ही वृहद सदस्यता अभियान प्रारंभ हो

■ आज पीएम के सदस्यता लेने बाद अभियान होगा शुरु

जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर केंद्र व प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला व मंडल स्तर पर कार्यशाला के आयोजन के बाद अब शक्ति केंद्र में भी कार्यशाला आयोजित कर ऑन लाईन सदस्यता अभियान के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में चंडी शीतला मंडल भाजपा अंतर्गत तकिया पारा शक्ति केंद्र के कुरैशी भवन में जिला भाजपा प्रवक्ता व शक्ति केंद्र प्रभारी दिनेश

देवांगन की उपस्थिति में बूथ अध्यक्षों व अल्प्रांख्यक मोर्चे के प्रमुख कार्यकर्ताओ की बैठक हुई जिसमें पार्टी के सदस्यता अभियान में अल्प संख्यक वर्ग के लोगो को भी जोड़कर अधिक से अधिक सदस्य बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल भाजपा अध्यक्ष विजय ताम्रकार ने किया। जिला प्रवक्ता दिनेश देवांगन ने कहा की 2014 के बाद पुनः वृहद स्तर पर चलने वाली सदस्यता अभियान में भाजपा के विचारधारा से जुड़ने आमजनता भी बेताब है ऐसे में पूरे सदस्यता मिशन में प्रत्येक बूथों से अधिक से अधिक सदस्यता दिलाने के साथ साथ अल्प संख्यक वर्ग को भी जोड़ने व्यापक कार्य किया जाना चाहिए ताकि सभी वर्गों का समावेश हो। बैठक में मंडल अध्यक्ष विजय ताम्रकार ने सदस्यता अभियान की पूरी प्रक्रिया से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया।बैठक में जिला भाजपा कार्यालय मंत्री व शक्ति केंद्र सह प्रभारी अनूप सोनी मंडल मंत्री विकास सेन अल्प संख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष फारुख चौधरी सहित, मोहम्मद भाई कुरैशी, वसीम कुरैशी, जाकिर खोखर, साबिर भाई, असलम नथानी, असलम खान, नासिर खान, आसिफ खान, शकील चौधरी आदि मौजूद थे।

दुर्घटना में मृतक के विधिक प्रतिनिधि को मिली आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर 3 लाख 75 हजार रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेलगुपारा टंकी मरोदा भिलाई निवासी अरशदीप की विगत 12 दिसम्बर 2022 को एवं ग्राम बोरीगारका थाना उतई जिला दुर्ग निवासी चंदन कुमार की विगत 12 मई 2022 को टक्कर मारो और भाग जाओ वाहन दुर्घटना के चलते मृत्यु हो गई थी। उक्त घटना में मृतक अरशदीप के विधिक प्रतिनिधि परमजीत सिंग को प्रतिकर राशि एक लाख 75 हजार एवं मृतक चंदन कुमार के विधिक प्रतिनिधि धनेश कुमार को कलेक्टर द्वारा दो लाख रूपए प्रतिकर के रूप में आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

सरस्वती शिशु मंदिर में तीज मिलन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसारीडीह दुर्ग

■ मीरा यादव बनीं तीज क्वीन, किया गया सम्मानित

में तीज मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती रेणुका यादव, विधायक गजेंद्र यादव व विद्यालय के सरस्वती शिक्षा समिति दुर्ग की सहसचिव श्रीमती रोहिणी पाटणकर तथा श्रीमती सुशीला भूतड़ा, माहेश्वरी समाज कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

मंचासीन अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती कृपा शर्मा ने प्रतीक चिन्ह, पुष्पगुच्छ, तिलक लगाकर कीं। तीज मिलन कार्यक्रम में बहनों माताओ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति व मनोरंजक खेल का आयोजन किया गया। तीज क्वीन विद्यालय की अभिभावक श्रीमती मीरा यादव बनीं। जिसे अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती रेणुका यादव ने मातृशक्तियों को तीज पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दी गई। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय में अध्यनरत बहनें व उनकी माताएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर बैठक में दिए दिशा निर्देश

स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम परखेगी सफाई व्यवस्था की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

निगम कार्यालय के मोतीलाल वोरा सभागार में स्वच्छता 2024 को लेकर आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सफाई और स्वच्छता से संबंधित बिंदुओं पर महत्वपूर्ण दि शा नि र्द श उपस्थित स्वच्छता निरीक्षक, सफाई दरोगा एवं सुपर वाइजरो को दिये।

■ सड़क व नाली में कचरा फेंकने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा सयुंक्त रूप से स्वच्छता और सफाई की उत्कृष्टता के लिए स्वच्छ भारत अभियान को एक मिशन के तौर पर चलाया जा रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम शहर के वार्डो के मोहल्ले में जाकर धरातल पर सफाई व्यवस्था की स्थिति को परखेगी। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 नगर निगम की रैंकिंग बढ़ाने के लिए अधिकारियों ने कमर कस ली है। बैठक में उन्होंने खुले में कचरा फेंकने वालों और नाली में कचरा डालकर उसे जाम करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश स्वच्छता निरीक्षकों एवं सफाई दरोगा को दिये। साथ ही प्रतिबंधित पॉलीथिन-प्लास्टिक का उपयोग करने वालो पर चालानी कार्रवाई करने के साथ येलो स्पाट और रेड स्पाट का चिन्हांकन कर उचित कार्रवाई करने निर्देशित किया गया।

शहर की बस्तियों में स्वच्छता दीदीयां घर-घर जाकर महिलाओं को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की जानकारी देंगी। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों एवं स्वच्छता जनजागरूकता के संबंध में बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

फीडबैक देने करेंगे जागरूक

स्वास्थ्य विभाग टीम एवं स्वच्छता दीदीयां महिलाओं को स्वच्छ सर्वेक्षण फीडबैक के संबंध में जानकारी देकर महिलाओं को शहर हित में स्वच्छ सर्वेक्षण फीडबैक देने जागरूक बनायेंगी। शहर हित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु महिलाओं को जीवन में स्वच्छता के महत्व से अवगत करायेंगी एवं उन्हें खुले में शौच नहीं करने, शौचालय का उपयोग कर स्वच्छता बनाये रखने, दैनिक जीवन में पॉलीथीन का उपयोग न कर उसके स्थान पर कपड़े जूट आदि के बैग का उपयोग करने, घरों एवं दुकानों में कचरा पृथक-पृथक डस्टबीन में सूखा व गीला कचरा रखकर प्रतिदिन नियमित निगम के सफाई मित्र को देने, अपने घरो एवं आसपास स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने एवं गंदगी व कचरा दिखने पर इसकी जानकारी संबंधित जोन में देने, मानसून के दौरान जीवन में स्वस्थ रहने सुपाच्य एवं गरम खाद्य सामग्रियां ग्रहण करने सहित स्वच्छता को लेकर नगर हित में सभी को जागरूक बनाने अभियान नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जायेगा। बैठक में प्रताप सोनी, सुरेश भारती, कुणाल,राहुल,मनोहर शिन्दे, परमेश्वर कुमार आदि मौजूद थे।

देंगे लोगों को जानकारी

आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारों धर्मेंद्र मिश्रा ने बैठक लेते हुए कहा कि स्वच्छता दीदीयां शहर के वार्डो एवं कालोनियों में घर-घर जाकर महिलाओं से संपर्क कर उन्हें राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के मानको की जानकारी देंगी और जागरूक बनायेंगी ताकि महिलाओं सहित आमजनों की सहभागिता से दुर्ग शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण में श्रेष्ठ स्वच्छता रैंकिंग प्राप्त हो सके।

जिले में प्रथम राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस मीट का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में 18 से 22 अक्टूबर तक प्रथम राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस मीट का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी मीट के लिए उपसमिति गठित करने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया।

■ 18 से 22 अक्टूबर तक होगा आयोजन

आगामी प्रथम राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस मीट 2024 के लिए जिले में प्रस्तावित कार्ययोजना बनाई गई। जिसके तहत सर्वप्रथम दल प्रभारियों द्वारा सभी प्रतिभागियों का पंजीयन किया जाएगा। शिविर में उपस्थित प्रतिभागियों के आवास की सुविधा दी जाएगी। शिविर स्थल में रेडक्रॉस के सम्मानित अधिकारी एवं स्टाफ सदस्य हेतु स्वीच काटेज का निर्माण किया जाएगा। शिविर के सभी प्रशिक्षणार्थियों के लिए विशाल डोम का निर्माण किया जाएगा। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं भी शिविर स्थल पर ही सपन्न होगी। इसके सफल संचालन हेतु प्रभारियों एवं निर्णायक दल का गठन किया जाएगा। निर्णायक उस विधा के जानकार को रखा जाएगा। प्रतिभागियों को पंजीयन के दौरान एक किट दिया जाएगा। इस किट में शिविर पुस्तिका, पेन, बैच, कैप. स्कार्फ, वागल रहेगा। शिविर स्थल में ही लगभग 20-30 स्टालों निर्माण किया जाएगा। जिसमें छत्तीसगढ शासन के विभागों के द्वारा प्रदर्शनी, माडल की स्थापना की जाएगी।

खबर संक्षेप

रूहा सरपंच ने किया 15 एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा

धमधा। धमधा जनपद पंचायत के ग्राम रूहा के सरपंच नटवर पटेल एवं उसके परिवार वालों ने ग्राम के 15 एकड़ शासकीय घास जमीन पर कब्जा कर लिया है उसे हटाने शासन प्रशासन का हाथ पाव फूल रहा है। मामले की शिकायत ग्रामीण अरविंद शर्मा एवं अधिवक्ता अंकित दानी ने करते हुए बताया कि ग्राम रूहा के सरपंच एवं उसके परिवार वालों ने शासकीय घास जमीन खसरा नंबर 111, 143, 144, 248 कुल रकबा 15 एकड़ को कब्जा कर लिया है जिसकी शिकायत तत्कालीन एसडीएम बृजेश क्षत्रिय एवं तहसीलदार राम कुमार सोनकर से किया था जिसमें कोई कार्यवाही नही हुई। तत्पश्चात पूर्व तहसीलदार राधेश्याम वर्मा ने कार्यवाही करते हुए जुर्माना सहित अतिक्रमण हटाने आदेश दिया था लेकिन आज तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही नही की गई है और न ही बेदखली कार्यवाही में रोक का आदेश दिया गया है। अधिवक्ता अंकित दानी ने कहा है कि सरपंच ने पंचायती राज अधिनियम का घोर उल्लंघन किया है जिस पर तत्काल कार्यवाही की जानी चाहिये।

सदस्यता अभियान कार्यशाला आयोजित

उतई। उतई मंडल अंतर्गत शक्ति केंद्र उतई में आयोजित सदस्यता अभियान कार्यशाला विश्रामगृह उतई में संपन्न हुई जिसमें मुख्य वक्ता जिलामंत्री रोहित साहू ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उक्त कार्यशाला में सोनू राजपूत, लक्ष्मी नारायण साहू, सतीश चंद्राकर, नरेंद्र साहू, तुलुराम साहू, सोहन रिगरी, गिरीश शर्मा, रुपेश पारख, चंदू देवांगन, आशीष साहू, सुमंत साहू, कांतिलाल साहू, विमला कामड़े, संगीत रजक, ममता चंद्राकर, लता सोनवानी, पियूष गंभीर, ओपी चंद्राकार, वरुण चंद्राकार, खुबीराम साहू, भीमसेन सिन्हा, वैभव देवांगन, दानेश्वरी देशमुख, हरीश यादव, चेतन साहू, चिंटू सिन्हा, शशिकांत वर्मा, भगवती विश्वकर्मा, भीषम देवांगन, शुभम यदु, जिज्ञासु यादव, चेतन चक्रधारी, भूपेंद्र साहू, राकेश यादव आदि कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

फसलों को सुरक्षित रखने समिति बनाकर मवेशियों को पहुंचाया गौठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद

सेलूद के किसानों ने बनाई योजना, घुमन्तू जानवरों को गौठान में रखने का किया जा रहा कार्य



ग्राम सेलूद के किसानों ने घुमन्तु जानवरों की व्यवस्था बनाने का कार्य कर लिया है। ग्राम सेलूद में घुमन्तु पशुओं की संख्या सैकड़ों में है । सरकार की ओर से उचित पहल न होते देख किसानों ने अपने फसल को सुरक्षित करने ग्राम स्तर में किसानों की एक समिति बनाकर घुमन्तु जानवरो को व्यवस्थित करने की योजना बनाई। समिति तो बनी लेकिन समिति के सामने बहुत सारी परेशानी थी और इन परशानियों के कारण जिम्मेदारी उठाने को कोई तैयार नहीं हो रहे थे ऐसे में कुछ किसानों ने हिम्मत दिखाया और ग्राम सभा की बैठक के माध्यम से मुखिया चुनकर घुमन्तु पशुओं को व्यवस्थित करने का निर्णय हुआ। पहले से गौठान बना हुआ है पानी की व्यवस्था भी है। ग्राम पंचायत सेलूद द्वारा गौठान की व्यवस्था को दुरुस्त करने की बात कही गई और व्यवस्था दुरुस्त किया भी गया, लेकिन सबसे बड़ी समस्या रख रखाव करने के लिए चरवाहा के मानदेय और इस समय पशुओं की चारा के लिए पैरे या कुट्टी की व्यवस्था करना बहुत ही कठिन कार्य है। चरवाहे की व्यवस्था के लिए किसानों से प्रति एकड 30 रुपये सहयोग राशि लेने का निर्णय हुआ। लेकिन किसानों से इस राशि को इकट्ठा करना मुश्किल है ऐसे में शुरुआत किया गया कि शुरुआत के एक चरवाहे की मानदेय राशि सात हजार रुपये व्यवस्था को किसान जवाहर वर्मा ने स्वयं देने की बात कही। लोगों के मन में अब ये डर सताने लगा कि इन जानवरों को बगैर चारा की व्यवस्था के ज्यादा समय गौठान में रखा नहीं जा सकता और ज्यादा समय रखने की व्यवस्था नहीं होने पर इन जानवरों को दूसरे स्थान पर भेजना पड़ेगा। इस बात को सुनकर गाँव के जानवरों को दूसरे स्थान पर छोड़ने की बात सुनकर गांव के दो युवा व्यवसायी अशोक जैन व अशोक बंछोर ने गौमाता के प्रति प्रेम दिखाया और उन दोनों ने मिलकर एक मेटाडोर कुट्टी लगभग राशि चौबीस हजार गौठान में देने का कार्य किया। उनके इस कार्य से गौठान में लगभग एक सप्ताह के लिए घुमन्तु पशुओं के खाने की व्यवस्था हो गई है किसानों की समिति ने अपील किया है कि गांव के किसान और ग्रामीण जो सक्षम है अपने सक्षमता के अनुरुप कुट्टी या कुट्टी के लिए राशि की दान कर देंवे ताकि घुमन्तु पशुओं के तीन महीनों के लिए उचित रख रखाव हो जाये और यह घुमन्तु पशुओं को कही अन्य स्थानों पर छोड़ने की स्थिति न बने। साथ ही प्रति एकड 30 रुपये के हिसाब से राशि समिति के पास स्वयं जमा कर देंवे ताकि गौठान की व्यवस्था बनाने के साथ साथ अपने फसल की सुरक्षा करने में भी सहयोग कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री पोषण निर्माण योजना अंतर्गत विविध स्कूलों में कराया न्योता भोज

न्योता भोजन से विद्यार्थियों की निखर रही प्रतिभा, बच्चों में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ निकुम

निकुम सेजस में 400 बच्चों को कराया स्वादिष्ट न्योता भोजन

स्वामी आत्मांनद एक्सीलेंट अंग्रेजी मिडियम निकुम स्कूल में बैगलेस डे पर हाउस ड्रेस में बच्चे अरपा, पैरी, महानदी व शिवनाथ ग्रुप में हरा, लाल, नीला पीला ड्रेस पहनकर पहुंचे। जिसमें एक्टीविटी में जुंबा डांस, योग, व्यायाम, खेलखूद कराया गया। वहीं स्कूल में लगातार प्रधानमंत्री पोषण निर्माण योजना अंतर्गत न्योता भोजन पूरक आहार निकुम के साहू परिवार के युगल दंपती दिनेश साहू व पूजा साहू ने अपने बच्चे गुनीत साहू के जन्मदिन पर पौष्टिक भोजन पुलाव, दाल, सब्जी के साथ मीठा 400 स्कूली बच्चों की थाली में परोसा गया। वहीं बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। गौर हो इस विद्यालय में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाओं ने पूर्व में प्रभारी जीएल बंजारे, शिक्षिका डॉ दिव्या पवार, रिया भोयार, हर्ष सिन्हा, मंजूलता देवांगन ने अभिनव पहल करते हुए न्योता भोजन के लिए प्रेरित करते हुए बच्चों को न्योता भोजन कराया, जिसके कारण इस विद्यालय में समय-समय पर पालक व जनप्रतिनिधि के द्वारा न्योता भोजन होते रहता है। वहीं इस न्योता भोजन में ग्राम सरपंच मुक्ति सुधाकर ने कहा कि न्योता भोजन से बच्चों को पौष्टिक आहार मिलता है जो बच्चों के सेहत के लिए लाभदायक है। यह पूरी तरह स्वैच्छिक है, हमें तीज त्यौहारों पर, जन्मदिन सहित कई आयोजन पर बच्चों के साथ न्योता भोजन करवाये। गोर हो कि इस विद्यालय में बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ खेलकूद,भाषण, कविता सहित कई स्कूली एकटिविटी में बच्चे प्रतिभाशाली बन रहे हैं। जिसमें सेजस पालक समिति अध्यक्ष निकुम दिलीप साहू, सीएसी संकुल केन्द्र निकुम संजय चन्द्राकर, डामेश्वर देशमुख सहित टीचर्स स्टाफ खुशबु मिश्रा, नेहा पिल्ले, रीया भोयार सहित सभी उपस्थित थे।

धर्मेंद्र की स्मृति में कराया न्योता भोजन

अंडा। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत ग्राम अण्डा में संचालित समस्त प्राथमिक शालाओं में स्व.धर्मेन्द्र चन्द्राकर की स्मृति में पिता मुन्नालाल चन्द्राकर और शैलेन्द्र चन्द्राकर द्वारा न्योता भोजन कराया गया। सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से शासकीय शालाओं में अध्ययनरत बच्चों की सर्वांगीण विकास के क्रम में न्योता भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाला परिवार की ओर से प्रधान पाठक चन्द्रहास साहू ने मुन्ना लाल चन्द्राकर, शैलेन्द्र चन्द्राकर और पूर्णिमा लाल चन्द्राकर का आभार व्यक्त किया।

बच्चों को मिल रहा पौष्टिक भोजन

सेलूद। शासकीय प्राथमिक शाला, मजार चौक सेलूद में 31 अगस्त को प्रधानमंत्री पोषण आहार योजना के अंतर्गत नीरा वर्मा प्रधान पाठक के पहल से विनय शुक्ला देवादा पाटन एवं लोकेश चंद्राकर हनोदा ने अपने जन्मदिवस के शुभ अवसर पर शाला के बच्चों को न्योता भोजन कराया। न्योता भोजन में बच्चों को खीर, पुड़ी, चावल, दाल, पापड़ जलेबी, आलू मटर की सब्जी परोसा गया। इसके अलावा बच्चों को कापी, पेन, पेंसिल भी वितरण किया गया। प्रधानपाठक नीरा वर्मा ने बताया कि शासन के मंशानुरूप भोजन को रुचि कर बनाने के साथ साथ सम्पूर्ण आहार प्रदान करने यह योजना लाई गई है। ग्राम के कोई भी व्यक्ति, समाज या समुह अपनी स्वेच्छा से भोजन करा सकते है। इस अवसर पर सुशीला चंद्राकर, विनय शुक्ला, मुरली वर्मा, शाला स्टॉफ से नीरा वर्मा, वंदना साहू, जितेन्द्र ठाकुर, देवेन्द्र वर्मा इसके अलावा तामेश्वरी साहू, अनिता निषाद, कृष्णा ठाकुर, माधुरी साहू आदि उपस्थित थे।

खेतों तक पहुंचाने की गई त्वरित कार्रवाई

खपरी बांध से नहरों के अंतिम छोर तक अब पहुंचेगा पानी

संजय साहू ⏭ अंडा

खरीफ धान फसलों को पानी की आवश्यकता को देखते हुए नहरों से सिंचाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि खपरी बांध 100 वर्षों पुरानी है तथा इसके नहरों की कुल लंबाई लगभग 30 किलोमीटर है जिसके माध्यम से 17 गांवों के लगभग 5000 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होती है। लगातार हो रही सेवानिवृति के कारण अनुभवी कर्मचारियों की कमी से विभाग जूझ रहा है। वर्तमान में अण्डा (खपरी) सेक्शन में मात्र दो तीन कर्मचारी ही कार्यरत हैं। मैदानी अमलों की कमी के बावजूद विभाग सीमित संसाधनों से ही प्रत्येक गांव एवं खेत तक पानी पहुंचाने प्रयासरत है।

अनुविभागीय अधिकारी पीएन साहू स्वयं अपने कर्मचारियों के साथ मिलकर अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने में लगे हुए हैं। उनके द्वारा सिंचाई कार्य की लगातार निगरानी की जा रही है तथा आवश्यकता अनुसार नहरों की सफाई एवं मरम्मत कार्य अपनी देखरेख में करवा रहे हैं। उन्होंने चर्चा के दौरान बताया कि गर्मी के दिनों में नहरों की सफाई एवं मरम्मत कार्य कराया गया था किंतु आबादी क्षेत्र से गुजरने वाली नहरों में आस पास के लोगों द्वारा कचरा डाल दिया जाता है तथा गाजर घास वर्षा ऋतु में बहुतायत में उग आते हैं जिससे नहरों के जल प्रवाह में अवरोध पैदा होता है। उन्होंने आम लोगों तथा किसानों से अपील की है कि नहरों में कचरा न डालें, नहरों को न काटें तथा आवश्यकता से अधिक पानी न लें और विभाग को सहयोग प्रदान करें। ताकि सभी खेतों को समय पर पर्याप्त पानी मिल सके। हमारे क्षेत्रीय संवाददाता नहर के अंतिम छोर के गांवों तक वस्तुस्थिति की सही जानकारी लेने पहुंचे तथा किसानों से चर्चा की। किसानों द्वारा समय पर पानी मिलने तथा सिंचाई होने पर खुशी व्यक्त की गई।

खबर का असर

वार्षिक अधिवेशन में सांसद हुए सम्मानित

भिलाई। चन्द्रनाहू कुर्मी समाज दुर्ग राज द्वारा भरेंगांव में 54वां वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम में विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा व सर्व कुर्मी समाज के प्रदेशाध्यक्ष शामिल हुए। इस अवसर पर प्रतिमा चंद्राकर, अश्वनी चंद्राकर, मोरज चंद्राकर, उपकार चंद्राकर, नरसिंह चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर, पुष्पेंद्र चंद्राकर, हर्षा चंद्राकर, रोहित चंद्राकर, लोकमणी चंद्राकर, नरेश चंद्राकर, पद्मा चंद्राकर, सुलेखा चंद्राकर, कुंदन चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, शिव चंद्राकर सहित चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के सम्मानित पदाधिकारी व सदस्य गण उपस्थित थे।

भागवत महापुराण में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, आज अंतिम दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

पाटन नगर के पुराना बाजार चौक में स्थित शीतला मंदिर में भागवत महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। माता शीतला मंदिर समिति के द्वारा 27 अगस्त से 2 सितंबर तक शिवमहापुराण का आयोजन किया जा रहा है। भगवान शिव की लीला को सुनने के लिए विभिन्न गांवों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथावाचक पंडित प्रेमानंद दीपक महाराज के द्वारा नगर में सुनाया जा रहा है। कथावाचक पंडित प्रेमानंद दीपक महाराज भक्तो को बताते हैं कि भगवान शिव की लीला महान है। इस आयोजन में मंदिर माता शीतला समिति के सदस्यों का सहयोग सराहनीय है।

विद्यार्थियों ने मेजर ध्यानचंद को किया याद

धमधा। सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्काई इंटरनेशनल स्कूल धमधा में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्मदिवस विभिन्न खेल कूद गतिविधियों को आयोजित कर मनाया गया। उल्लेखनीय है कि हमारे देश में प्रति वर्ष मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है, इसी तारतम्य में स्काई इंटरनेशनल स्कूल के खेल विभाग की ओर से कबड्डी, खो-खो, बास्केट बॉल एवं एथेलेटिक इवेंट्स का आयोजन किया गया जिसमे अग्नि, गगन, पृथ्वी एवं वायु हाउस के विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु स्कूल के चेयरमेन संकेत जैन, स्कूल की संरक्षक सुनीता जैन एवं प्राचार्या डॉ. माया भट्टाचार्या उपस्थित रहीं। जिन्होंने मेजर ध्यानचंद की हॉकी खेल में उपलब्धियों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की। खेलकूद प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में एचओडी स्पोर्ट्स जावेद खान, इन्द्रजीत सिन्हा एवं रमेश सोनकर का विशेष योगदान रहा।

तन-मन को स्वस्थ रखने खेल जरूरी: विधायक भूपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

■ टेमरी में हुई कबड्डी स्पर्धा में पहुंचे विधायक बघेल

युवा क्रीडा मंडल एवं ग्रामवासी टेमरी के तत्वावधान में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि तन मन को स्वस्थ रखने के लिए खेल जरूर खेलना चाहिए। हमने छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परंपरा को जीवंत रखने के लिए लगातार कार्य किए। आज युवाओं को इस दिशा में कार्य करने की प्रेरणा मिली है। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के माध्यम से बच्चे, युवा, सियान सभी की भागीदारी हो। अध्यक्षता अशोक साहू उपाध्यक्ष जिप दुर्ग ने की। विशेष अतिथि आशीष वर्मा पूर्व ओएसडी, राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, रूपेंद्र शुक्ला महामंत्री, भेष आठे जोन प्रभारी, रूपचंद साहू सभापति, देवकुमार निषाद,पवन डहरे, चंद्रभान साहू, रामदास मानिकपुरी, रवेल सिंह ठाकुर, लीलाधर साहू उपसरपंच थे।

कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता मचांदूर, उपविजेता अरमरी कला एवं तृतीय स्थान में सिवनी (रायपुर) की टीम रही। इस अवसर पर गजेंद्र साहू, डोमेश साहू, दीपक साहू, जितेंद्र साहू, केवल साहू, कमलेश सोनवानी, रोहित ठाकुर, रामचंद सोनवानी, विष्णु, कमल सोनी, परदेशी साहू, कामता सोनी, देवसिंह साहू, चुरामन साहू, केशव बंजारे आदि मौजूद थे।

बिजनेस साइट

ओम ज्वेलर्स में विशेष ऑफर को मिल रहा ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद

भिलाई। दुर्ग शहर के हृदय स्थल ओम ज्वेलर्स शॉप नंबर 64 बी इंदिरा मार्केट दुर्ग अपनी डिजाइन व और वैरायटी के सुप्रसिद्ध स्थान है एवं टोटल हॉल मार्क जेवर 18 कैरेट, 20k.22k न्यूनतम मजदूरी के साथ अपने ग्राहकों को हमेशा दी जा रही है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को हमेशा नग मीने कुंदन के जेवर उपलब्ध नहीं करता बल्कि जिसमे ज्यादा लॉस न हो वही जेवर प्रदान किया जाता है। हर 10 ग्राम खरीदी पर निश्चित कुछ ना कुछ गिफ्ट आइटम अपने ग्राहकों को प्रदान की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की जाती है।

न्यायालय नायब तहसीलदार धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. / 202407103200009/अ-6, वर्ष 2023-24
ग्राम साल्हेखुर्द, प.ह.नं.-01

:: उद्घोषणा
(धारा 109, 110)

क्योकि मौजा ग्राम साल्हेखुर्द प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. पेण्ड्रावन तहसील धमधा जिला दुर्ग के सहभूमिस्वामी आवेदिका मंजू जंघेल पति स्व. चुन्नूराम जंघेल अन्य 1. संतोष जंघेल आ. स्व. रामा जंघेल, 2. बोधनी जंघेल आ. स्व. रामा जंघेल साकिन साल्हेखुर्द प.ह.नं. 01 तह, धमधा जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 549, 750, 767/2, 897, 1060, 1067, 1503, 1596, 1599/1, 1677/1, 1848/2, 1848/4 रकबा क्रमशः 0.03, 0.12, 0.28, 0.09, 0.15, 0.09, 0.13. 0.39, 0.02, 0.20, 0.50, 0.09 हे. कुल खसरा 12 कुल रकबा 2.09 हे.भूमि स्व. रामा जंघेल आत्मज बल्देव जंघेल के नाम पर एकल खाते के रूप मे राजस्व अभिलेख में दर्ज एवं कृषि भूमि के रूप के स्थित है उक्त खाते में आवेदिका विधिक वारिसान होने से नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पेश किया गया है। जो कि प्रकरण इस न्यायालय में प्रश्नाधीन है।

क्योंकि उक्त नामांतरण दर्ज किया जाना प्रस्तावित हुआ है. एवं सुनवाई दिनांक 11-09-2024 स्थान तहसील धमधा में दिन 11:00 बजे नियत किया गया है. उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा हाजिर हो एवं अपनी आक्षेपो यदि कोई हो तो पेश करें।

उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नहीं कर पाने की स्थिति मे किसी आक्षेप पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.08.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशित हेतु जारी किया गया है।

मुहर

नायब तहसीलदार
धमधा

खबर संक्षेप

मवेशी के साथ वाहन जब्त

भिलाई। मवेशी तस्करी करने के मामले में वाहन को पुलिस ने जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने छग पशु परीक्षण अधिनियम 2(च) की धारा 4,6,10,11 और पशु क्रुरता अधिनियम 1960 की धारा 11, पशु परिवहन अधिनियम 1978 की धारा 47 , 48, 49,50,52,54 (123) के तहत जुर्म दर्ज किया है। शिकायतकर्ता शिक्षक नगर दुर्ग निवासी रामलोचन तिवारी ने लिटिया पुलिस को बताया कि वाहन एमएच 4 बीएल 5310 के चालक और उसके साथी ने 10 नग मवेशी लेकर वाहन से जा रहे थे। जिसकी कीमत 20 हजार रुपए आंकी गई है। 4 नग कृषक पशु छोटा बछडा 4 हजार रुपए है। वाहन मवेशी की कीमत 8 लाख 24 हजार रुपए आंकी गई है। शिकायतकर्ता विश्व हिन्दु परिषद बजरंग दल का सह संयोजक है।

साक्षरता सप्ताह की शुरुआत

पाटन। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत समाज के सभी वर्गों में शिक्षा का प्रचार प्रसार करने के उद्देश्य से 8 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाना है जिसमें 1 से 8 सितंबर तक देशव्यापी साक्षरता सप्ताह मनाया जायेगा। स्कूल शिक्षा सचिव सिध्दार्थ कोमल परदेशी के द्वारा जारी पत्र अनुसार साक्षरता सप्ताह के दौरान जिला, ब्लाक, निकाय और ग्राम पंचायत तथा शैक्षिक संस्थानों में कार्यक्रम होने हैं। ये कार्यक्रम बुनियादी साक्षरता, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल और सतत शिक्षा पर केंद्रित होंगे।

निधन

युगल किशोर सेन

दुर्ग। खंडेलवाल कॉलोनी दुर्ग निवासी युगल किशोर सेन का आकस्मिक निधन रविवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. रामदिन सेन व ललिता बाई सेन के पुत्र और जिला झेरिया सेन समाज के अध्यक्ष हेमंत सेन के बड़े भाई थे।

नगरनार प्लांट, आरआईएनएल व एफएसएनएल के विलय की उठने लगी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेफी चेयरमैन नरेंद्र बंछोर ने केंद्रीय और राज्यमंत्रियों से किया आग्रह, यह मील का पत्थर साबित होगा

स्टील एक्सीक्यूटिव फेडेरेशन आफ इंडिया (सेफी) के चेयरमैन नरेन्द्र कुमार बंछोर ने केन्द्रीय और राज्य मंत्रियों से आग्रह किया है कि इस्पात क्षेत्र के राष्ट्र के तीन महत्वपूर्ण सार्वजनिक उपक्रमों नगरनार स्टील प्लांट, आरआईएनएल एवं एफएसएनएल को विनिवेश करने के बजाए उनका आपस में सेल के साथ रणनीतिक विलय किया जाए। यह निर्णय राष्ट्र हित में मील का पत्थर साबित होगा। इस तरह का पहले बैंको का विलय हुआ, जिसके बेहतर परिणाम सामने आए थे। इस विलय से भी लाभ ही होगा। सरकार की इस्पात नीति 2030 के तहत क्षमता विस्तार हेतु निर्देशित किया गया है। इसके तहत सेल को विस्तारीकरण का बड़ा लक्ष्य दिया गया है, जिसके तहत एक बड़ी राशि प्रतिवर्ष निवेश करने की बाध्यता है। भविष्य में इस मद में की जाने वाली निवेश की राशि से आरआईएनएल एवं नगरनार इस्पात संयंत्र तथा एफएसएनएल जैसी इकाइयों का रणनीतिक विलय कर जहां सेल के विस्तारीकरण के लक्ष्य को शीघ्र ही प्राप्त किया जा सकता है। वहीं इन कंपनियों के कार्मिकों के हितों की रक्षा तथा क्षेत्र के सामाजिक दायित्वों का निवर्हन को भी प्राथमिकता देते हुए इसका बेहतर संचालन किया जा सकता है।

विस्तार के लिए सेल द्वारा 1 लाख करोड़ के निवेश की तैयारी

बंछोर ने बताया कि विस्तार के लिए सेल द्वारा 1 लाख करोड़ रुपए निवेश की तैयारी है। सेल के विस्तार के योजनाओं को ध्यान में रखते हुए इस्पात क्षेत्र के दो सार्वजनिक उपक्रमों नगरनार इस्पात संयंत्र एवं राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड को विस्तारित करना है। इनकी क्षमता 3 डज एवं 7 डज है एवं दोनों ही संयंत्र का वर्तमान में विनिवेश प्रस्तावित है। नगरनार इस्पात संयंत्र 3 डज की क्षमता के साथ 24000 करोड़ की लागत से अत्यंत आधुनिक तकनीक के साथ बना इस्पात संयंत्र है, जो कि कच्चे लौह अयस्क की खदानों से परिपूर्ण इकाई है। इसे चलाने के लिए मात्र 200 अधिकारी एवं 1000 कर्मचारी उपलब्ध हैं, जो कि अपर्याप्त है। राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड 7 डज की क्षमता के साथ कुशल तकनीकी विशेषज्ञों से परिपूर्ण इकाई है, जो कि वर्तमान में कच्चे लौह अयस्क की कमी एवं ऊंची कीमतों से जूझ रहा है। वर्तमान में आरआईएनएल को आधी क्षमता पर संचालित करना ही मुश्किल हो रहा है।

सेफी की बैठक में विलय के लिए प्रस्ताव पारित

सेफी ने नई दिल्ली में 4 अप्रैल 2021 को आयोजित सेफी काउंसिल की बैठक में इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के रणनीतिक विलय हेतु संकल्प पारित किया था। जिससे सेफी से संबद्ध इस्पात मंत्रलय के अधीन उपक्रम आरआईएनएल, सेल, नगरनार इस्पात संयंत्र, एनएमडीसी, मेकॉन आदि का रणनीतिक विलय कर इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत एक मेगा स्टील पीएसयू का गठन किया जा सके। सेफी के संकल्प को आधार बनाकर 15.12.2021 को लोकसभा में इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के रणनीतिक विलय के विषय पर चर्चा की गई। पिछले 06 दशकों में देश के भिन्न स्थानों में इस्पात संयंत्रों के माध्यम से न सिर्फ रोजगार का सृजन किया है। बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत इंफ्रास्ट्रक्चर तथा सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से अपने आसपास के क्षेत्र का समग्र विकास किया है।

प्रदर्शन : सिविक सेंटर में सरकार के खिलाफ युवाओं ने खोला मोर्चा

युकां ने सिविक सेंटर में निकाली मशाल रैली, नारेबाजी भी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में कार्यकर्ता लामबंद

भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव के समर्थन में रविवार को युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मशाल रैली निकाली। सिविक सेंटर में आयोजित मशाल रैली में युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल हुए। हाथ में मशाल लेकर नारेबाजी करते हुए सिविक सेंटर पहुंचे। जहां सभी ने जमकर नारेबाजी की।

कांग्रेसियों ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार अपनी नाकामी को छुपाने के लिए गलत का साथ दे रही है। सच को दबाने की कोशिश की जा रही है। बलौदाबाजार मामले में निर्दोष मासूम सतनामी समाज के लोगों के साथ बड़ा बुरा बर्ताव और घिनौनी हरकत की है। प्रदेश में न्याय व्यवस्था बनाने के लिए प्रदेश में एक नई क्रांति लाने वाले और मासूम निर्दोष लोगों की आवाज बनने वाले विधायक देवेंद्र यादव को भी इस भाजपा सरकार में जेल में बंद कर दिया है। प्रदेश में कहीं कोई कानून व्यवस्था नहीं है। अंग्रेजों की तरह शासन चला रहे हैं। भाजपा सरकार कटपुतली की तरह पुलिस को इस्तेमाल कर रही है।

अब तक पुलिस कोई भी सबूत नहीं जुटा पाई

कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कहा कि पुलिस बलौदाबाजार मामले में कोई सबूत नहीं जुटा पाई है। यह साबित नहीं कर पाई है कि वह दोषी हैं। पुलिस और पूरी भाजपा सरकार आज तक उनके खिलाफ एक सबूत सार्वजनिक नहीं किया है। विधायक देवेंद्र यादव को पुलिस ने जबरदस्ती जेल में बंद कर रखा है। इससे प्रदेश के युवाओं में आक्रोश फैल रहा है। आगामी दिनों में और भी उग्र आंदोलन किए जाने की तैयारी है।

नफरत और द्वेष के खिलाफ एनएसयूआई का गुलाब फूल देने अभियान

इधर एनएसयूआई ने नफरत और द्वेषपूर्ण कार्रवाई के विरोध में गुलाब का फूल देने अभियान शुरू किया है। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रति नफरत, द्वेष के तहत करवाई करती भाजपा की सरकार व उनके आदेश पर करवाई करती छत्तीसगढ़ की पुलिस के मानसिक दिवालियापन को दिखाती है। इसी के विरोध में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री व गृहमंत्री को गुलाब का फूल देकर जल्द से जल्द स्वस्थ होने के कामना की गई। भगवान उन्हें सद्बुद्धि दे, इसकी कामना की गई। इस दौरान प्रदेश महासचिव आकाश कनोजिया, आदित्य नारंग, संगम यादव, दुर्ग विधानसभा अध्यक्ष विनीश साहू, राहुल सिंह, केतन तिवारी, निक्कू, करण वैष्णव, आकाश कुर्रे, बॉबी गिल, दीपक पाल, युवराज चौरसिया, कैलाश ठाकुर, साहिल, गुलशन, आनंद, विनोद साहू, विक्की सोनी, ऋषिकांत शाहिद, क्रिश, अमन सहित अन्य उपस्थित थे।

फेरो स्क्रैप निगम यूनियनें निजीकरण के विरोध में हो रहीं लामबंद, 3 को बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

देशभर की फेरो स्क्रैप निगम की यूनियनें निजीकरण के मुद्दे को लेकर लामबंद हो गई हैं। फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड भारत सरकार का एक उपक्रम है। यह शुरू से ही लाभ अर्जित करने वाली कंपनी है, जिसके निजीकरण को लेकर केंद्र सरकार पूरी तरीके से निविदा प्रक्रिया के तहत बेचने को तैयार है। इस विषय को लेकर देशभर की लगभग 89 यूनियनों ने हड़ताल का नोटिस केंद्रीय श्रम आयुक्त अवंती विहार रायपुर में दिया है। फेरोस्कोप निगम लिमिटेड का मुख्यालय भिलाई में है। छत्तीसगढ़ केंद्रीय श्रम आयुक्त के अधीन है। इस गंभीर निजीकरण जैसे श्रमिकों के हितों के विषय को लेकर साथ ही साथ यूनियन में 2013 के बाद मान्यता के चुनाव भी नहीं हुए। श्रमिकों की लगभग 20 ऐसी लंबित मांगे हैं जो उन्हें अब तक प्राप्त नहीं हुई। इन सब बातों को लेकर यूनियनों ने हड़ताल का नोटिस दिया है। 3 सितंबर को फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड मुख्यालय भिलाई में संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया है. जिसके तहत सारे मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हेतु फेरोस्कोप निगम लिमिटेड प्रबंध का लिखित में अनुरोध पत्र भी है।

बैठक में फेरो स्क्रैप वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष अरुण सिंह सिसोदिया, जीप चौधरी अन्य यूनियन से गजेंद्र सिंह के साथ-साथ बर्नपुर, दुर्गापुर, विशाखापट्टनम, राउरकेला, बोकारो, वी दुबारी जैसे इकाइयों के अध्यक्ष व महासचिव शामिल होंगे। साथ ही साथ फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड के अध्यक्ष कम प्रबंध निदेशक महाप्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासनिक सभी इकाइयों के इकाई प्रमुख व कार्मिक प्रशासनिक प्रमुख शामिल होंगे। बैठक में 50 के आसपास प्रतिनिधि शामिल होंगे। सिसोदिया ने बताया कि यह बैठक श्रमिकों और फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड के लिए मिल का पत्थर साबित होगी।

जंजगिरी स्कूल की 47 बालिकाओं को मिली साइकिल

कुम्हारी। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल जंजगिरी में छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना के तहत पात्र 47 बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया। जिसमें शाला विकास समिति अध्यक्ष रूपेश साहू एवं सांसद प्रतिनिधि द्वारिका प्रसाद साहू , मंडल अध्यक्ष राजू निषाद, नेता प्रतिपक्ष लोकेश साहू ,सांसद प्रतिनिधि सेजस कुम्हारी सुजीत यादव, पार्षद अरुणा साहू, छबीराम यादव आदि उपस्थित थे।

बीएसपी एंसीलरी के अध्यक्ष रतनदास को मुख्यमंत्री साय ने किया सम्मानित

भिलाई। जिला उद्योग संघ बिलासपुर का स्वर्ण जयंती समारोह बिलासपुर में आयोजित किया गया। समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सक्रिय औद्योगिक संगठनों को मंच पर सम्मानित किया। इस अवसर पर बीएसपी एंसीलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन दास गुप्ता का सम्मान शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर किया गया। समारोह में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केन्द्रीय राज्यमंत्री व सांसद तोखन साहू, विधायक अमर अग्रवाल, विधायक धर्मलाल कौशिक, विधायक धर्मजीत सिंह, विधायक अटल श्रीवास्तव, विधायक सुशांत शुक्ला, भूपेंद्र सवन्नी, सहायक उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया, अनिल सलूजा, शरद सक्से, भिलाई से बीएल अग्रवाल, श्याम अग्रवाल एवं रवि मिश्रा उपस्थित थे।

- जिला उद्योग संघ बिलासपुर में आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह में हुआ

बार एवं रॉड मिल ने टीएमटी 16 बार की रोलिंग में बनाया नया रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स इकाई, बार एवं रॉड मिल (बीआरएम) ने 16 मिलीमीटर मोटाई में टीएमटी बार की रोलिंग में अब तक का सर्वश्रेष्ठ दैनिक उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज किया।

बीआरएम ने टीएमटी-16 प्रोफाइल में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 1955 बिलेट की रोलिंग कर 4027 टन उत्पादन दर्ज किया, जो कि 20 जुलाई 2024 को टीएमटी-16 प्रोफाइल में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 3930 टन (1912 बिलेट) और 17 मई 2024 को दर्ज 3890 टन उत्पादन से अधिक है। 30 अगस्त को बीआरएम ने बी शिफ्ट में टीएमटी 16 प्रोफाइल में 715 बिलेट्स की रोलिंग कर 1473 टन उत्पादन का नया शिफ्ट रिकॉर्ड दर्ज किया। इसके साथ ही मिल ने टीएमटी 16 प्रोफाइल में 17 मई 2024 को सी शिफ्ट में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ शिफ्ट रिकॉर्ड 1441 टन (700 बिलेट्स) की रोलिंग को पार किया।

रोल करने के लिए किया डिजाइन

संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने टीएमटी बार की रोलिंग में नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए बीआरएम की टीम और सहयोगी एजेंसियों को बधाई दी है। मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने रिकॉर्ड प्रदर्शन का श्रेय बीआरएम की ऊर्जावान और स्वप्रेरित टीम को दिया है। भिलाई इस्पात संयंत्र के 7 मिलियन टन मॉडेक्स प्रोग्राम के तहत स्थापित अत्याधुनिक इकाई बार और रॉड मिल को स्ट्रेट बार के रूप में विभिन्न प्रकार के उत्पादों की श्रृंखला को रोल करने के लिए डिजाइन किया गया है। मिल के उत्पादों की उच्च गुणवत्ता, नेगेटिव टॉलरेंस, सुसंगत यांत्रिक गुण और अच्छी वेल्डेबिलिटी के कारण सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ग्राहकों द्वारा सराहा गया है।

दुर्ग के धनसिंग को मिला शहीद पंकज विक्रम अवार्ड

दुर्ग। छत्तीसगढ शासन द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस पर खिलाड़ियों, कोच और निर्णायकों को खेल के विभिन्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसमें दुर्ग के धनसिंग चंद्राकर को शहीद पंकज विक्रम अवार्ड से सम्मानित किया गया। चंद्राकर विगत दस वर्षो से खेल के क्षेत्र में सेवा देते आ रहे हैं। स्वयं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं। उनके प्रशिक्षित लगभग 60 से 70 खिलाड़ी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर प्रदेश को गौरवान्वित करते आ रहे हैं। उनके खेल व अन्य क्षेत्रों में विभिन्न उपलब्धियों को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा धनसिंग चंद्राकर को शहीद पंकज विक्रम अवार्ड से सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर छग वूशु संग के महासचिव डी रवि कोण्डाईया, पार्षद शेखर चंद्राकर, सचिव राजेश कुमार वर्मा, चंद्राकर समाज के अध्यक्ष मिथलेश चंद्राकर, जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव राकेश पुरी गोस्वामी, आल इंडिया उच्च वर्ग बौद्ध समाज के अध्यक्ष श्रमण मास्टर उत्तम कुमार बौद्ध, महेश पटेल आदि ने बधाई दी है।

क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने चयन स्पर्धा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा सत्र 2025-26 के लिए अंडर-19, अंडर-23 एवं सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, सिविक सेंटर, भिलाई में टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा आयोजित की गयी है। अंडर-19 (बालक) के लिए चयन स्पर्धा का आयोजन 2 सितम्बर को, अंडर-23 (बालक) तथा सीनियर वर्ग के लिए चयन स्पर्धा दिनांक 03 सितम्बर 2024 को प्रातः 09 बजे से किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक खिलाड़ियों को अपने साथ निम्न दस्तावेजों की मूल एवं प्रतिलिपि साथ लाना आवश्यक है- विगत छः वर्षों की अंकसूची (स्कूल की), डिजिटल या मैनुअल जन्म प्रमाण पत्र, पीवीसी आधार कार्ड तथा नवीनतम 02 पासपोर्ट साइज फोटो। संयंत्रकर्मियों के बच्चे तथा भिलाई परिधीय क्षेत्र के प्रतिभागी जो इस चयन स्पर्धा में भाग लेना चाहते हैं, वे निर्धारित तिथियों पर बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, सिविक सेंटर, भिलाई में आवश्यक दस्तावेजों के साथ निम्न चयनकर्ताओं श्री वी मोहनदास के राजगोपालन देवेश बनर्जी के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। इस चयन स्पर्धा के प्रभारी उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक होंगे।

इमरजेंसी पर बनी फिल्म पर रोक लगाने मांग, रायपुर में हुई बैठक

सांसद कंगना रनौत के खिलाफ मोर्चे पर सिख समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत द्वारा निर्मित फिल्म इमरजेंसी में सिख समाज के बारे में दी गई गलत जानकारियों, घटनाओं, सिख समाज को आतंकवादी बताया जाना और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के सीन के साथ-साथ फिल्म अभिनेत्री एवं सांसद कंगना रनौत के बयानों पर आपत्ति करते हुए छत्तीसगढ़ में भी सिख समाज आंदोलन करने की तैयारी में है। इसके लिए राजधानी रायपुर के गुरु तेग बहादुर हाल में सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों एवं सिक्ख समाज की संस्थाओं तथा समाज के प्रमख व्यक्तियों की उपस्थिति में चर्चा की गई। छत्तीसगढ़ में भी फिल्म अभिनेत्री एवं सांसद कंगना रनौत के बयानों एवं उनके द्वारा निर्मित फिल्म इमरजेंसी को लेकर सिख समाज में रोष व्याप्त है। फिल्म इमरजेंसी का विरोध करते हुए फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने सिक्ख समाज द्वारा विरोध प्रदर्शन की रूपरेखा तय की गई। बैठक में प्रमुख रूप से सरदार गुरमीत सिंह सैनी, जसपाल सिंह साहनी, गुलबीर सिंह भाटिया, राजवंत सिंह गारेवाल, सुखबीर सिंघोत्रा, सुरेंद्र सिंह, त्रिलोचन सिंह काले, जगजीत सिंह, अमर सिंह वाधवा, बलविंदर सिंह चंडोक, राजू गुंबर, भूपेंद्र सिंह, मोनू सिंह सलूजा, रविंदर सिंह घेई सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

फिल्म के प्रसारण पर रोक लगवाने सिख समाज लामबंद

बैठक में सभी ने एक मत से कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी के प्रसारण पर रोक लगाने एवं फिल्म प्रदर्शन न होने देने का निर्णय लिया है। उपस्थित सभी सदस्यों के निर्णय के अनुसार इस बाबत प्रदेश के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपकर प्रदेश में कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को प्रतिबंधित करने की मांग की जाएगी। कंगना रनौत के बयानों और उसकी फिल्म में सिख समाज के बारे में दिखाए जाने वाली घटनाओं से नाराज पूरे देश के सिख समाज द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। सिखों की सबसे बड़ी संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा भी इस बाबत फिल्म सेंसर बोर्ड को पत्र लिखा गया है। साथ ही कोर्ट में याचिका भी दायर की गई है।

हरिभूमि

रायपुर, सोमवार 2 सितंबर 2024

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129

04

कारमैन की याद में

लाइव इवेंट

मड़ियापार में पोला उत्सव आज

बैल दौड़, सजावट, कबड्डी, गेड़ी रेस, रस्सी खींच, फुगड़ी, सुआ नृत्य जैसी स्पर्धाएं होंगी

दुर्ग। शास्त्री नवयुवक मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग एवं पर्यटन मंडल के सहयोग से ग्राम मड़ियापार में इस वर्ष भी पोला महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है। महोत्सव का यह 61वां वर्ष है। 31 अगस्त से 2 सितंबर तक आयोजित इस महोत्सव का 2 सितंबर को समापन होगा। इस दिन कई बड़े आयोजन होंगे। आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शिरकत करेंगे। इस अवसर पर बैल दौड़, बैल सजावट, कबड्डी, गेड़ी रेस, रस्सी खींच, फुगड़ी, सुआ नृत्य, कुर्सी दौड़ व धीमी सायकल दौड़ प्रतियोगिताएं होंगी। दोपहर 1 बजे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसके अलावा केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप,सांसद विजय बघेल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव, विधायक ईश्वर साहू,ललित चंद्राकर, गजेन्द्र यादव, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, अनुज शर्मा, रिकेश सेन आयोजन में शामिल होंगे। संयोजक डॉ. सुनील साहू ने बताया कि किसान उत्सव के तहत बैल दौड़ एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रदेशभर से कबड्डी टीमें हिस्सा ले रही है। खेल मंत्री टंकराम वर्मा युवा प्रतिभाओं के अलावा खिलाड़ियों का सम्मान करेंगे। इस अवसर पर आरएसएस के प्रांत संघ चालक टोपलाल वर्मा मुख्य वक्ता के रुप में मौजूद रहेंगे।

- 31 अगस्त से तीन दिवसीय आयोजन, आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे शामिल

सिटी इवेंट

छग दिव्यांग क्रिकेट टीम का ट्रायल 8 को भिलाई में

भिलाई। छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट टीम के चयन के लिए ट्रायल 8 सितंबर को भिलाई में लिया जाएगा। छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव एवं महासचिव श्रीमंत झा की मौजूदगी में आगामी सेंट्रल जोन क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए टीम के खिलाड़ियों का चयन होना है। सेक्टर 10 भिलाई स्टील प्लांट क्रिकेट ग्राउंड में ट्रायल होगा। दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी अपने राज्य की टीम में शामिल होने के लिए ट्रायल दे सकते हैं। इस ट्रायल से छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट टीम का चयन होगा। जो कि 25 सितंबर से सेंट्रल जोन टूर्नामेंट में हिस्सा लेने जाएगी। इसमें मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, विदर्भा की टीमें भाग लेंगी। इसके लिए छत्तीसगढ़ के चयनित खिलाड़ियों के लिए 3 दिन का कैंप भी रखा जाएगा। संपूर्ण छत्तीसगढ़ से डेढ़ सौ दिव्यांग खिलाड़ी ट्रायल में आने की संभावना है। छत्तीसगढ़ दिव्यांग टीम का सेलेक्शन की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ के पूर्व रणजी खिलाड़ी गोपाल राव एवं ऋषि अहीर छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह और मुख्य कोच अजय विलियम को दिया गया है। दिव्यांग क्रिकेट टीम के चयन हेतु आसित अभिषेक सिंह 9770578180 से संपर्क किया जा सकता है।

- 5 सितंबर तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-10 में होगा ट्रायल

दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जुबिन शाह ने हर बार की तरह इस बार भी छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है। ट्रायल के लिए छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट संस्था एकमात्र क्रिकेट एसोसिएशन है, जो की सभी प्रकार के दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए काम कर रही है। उन्हें प्रशिक्षित भी कर रही है। शहरी और ग्रामीण विभाग के दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए छत्तीसगड दिव्यांग क्रिकेट टीम के लिए दिव्यांग खिलाड़ियों के ट्रायल्स 8 सितंबर की सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक होगा। सभी खिलाड़ी व्हाईट ड्रेस, शूज और क्रिकेट किट साथ पहुंचेंगे। पंजीयन अनिवार्य है। 5 सितंबर तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होना है।

टेनिस बॉल क्रिकेट टीम का गठन 4 को, पंजीयन का आज अंतिम दिन

भिलाई। हरियाणा टेनिस बॉल क्रिकेट संघ द्वारा 32वीं जुनियर राष्ट्रीय (19 वर्ष से कम) टेनिस बॉल क्रिकेट चैम्पियनशिप (बालक एवं बालिका) का आयोजन शहीद मदन लाल धिंगरा स्टेडियम, गोहना सोनीपत (हरियाणा) में 17 से 20 अक्टूबर 2024 तक भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट महासंघ के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय टेनिस बॉल क्रिकेट चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य की जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग की टीमें भाग लेगी। इसके लिए 4 सितम्बर को सुबह 9 से 12 बजे तक लाल मैदान हॉस्टल नं-2 सेक्टर-3, भिलाई में ट्रायल होगा। चयन स्पर्धा में भाग लेने हेतु खिलाड़ियों का जन्म 15 अक्टूबर 2005 के बाद होना आवश्यक है। खिलाड़ियों को 2 सितम्बर तक छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के कार्यालय सेक्टर-1 भिलाई में पंजीयन कराना आवश्यक किया गया है। चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ी पंजीयन आजाद अहमद, सचिव, छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के समक्ष भी करा सकते हैं।

- वेलकम पर्यूषणः बांधा तालाब स्थित जय आनंद मधुकर रतन भवन में धर्मसभा का आयोजन

पर्यूषण श्वांस का पर्व, जो हमारे आंगन में आ गया है, इससे आनंद का झरना फूटता है, गुलाब जैसी खुशबू महकती है, मैत्री और अहिंसा के भाव जागृत होते हैं

श्वेताम्बर जैन समाज में रविवार को पर्यूषण पर्व के पहले दिन धर्म सभा का आयोजन किया गया। जैन मधुकर भवन बांधा तालाब में आयोजित कार्यक्रम में पर्यूषण पर्व के महत्व और इसके उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। हर्ष और उल्लास के साथ पर्यूषण पर्व का पहला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कल्पसूत्र अंतगण सूत्र एवं अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

दुर्ग। दुर्ग छत्तीसगढ़ पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व का स्वागत पर्यूषण वेलकम विषय पर संगोष्ठी से हुआ। साध्वी भगवत ने इस अवसर पर अपने विचार रखे। आयोजित कार्यक्रम में महिलाएं लाल रंग की साड़ी और पुरुष वर्ग सफेद परिधान यानी सामाजिक वेशभूषा में धर्मसभा में शामिल हुए। परमात्मा की वाणी का साध्वी श्री के मुखारविंद से श्रवण किया। सुबह 8 बजे धर्मसभा शुरू हुई, जो 10:15 बजे तक चली। धर्म सभा में परमात्मा की वाणी के साथ-साथ अंतागढ़ दशांक सूत्र एवं पेसठिया छंद का अनुष्ठान, जय आनंद की स्तुति के साथ प्रारंभ हुई। साध्वी डॉ. सुमंगल प्रभा, साध्वी सुवृद्धि श्रीजी एवं साध्वी रजत प्रभा ने धर्मसभा में पर्यूषण पर्व को को लेकर अलग-अलग जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि पर्यूषण पर्वाधिराज है। इसके मंगल आगमन के साथ ही बड़े-छोटे सबके हृदय में आनंद का झरना फूट पड़ता है। यह पर्व खिलते गुलाब जैसी अपनी मद भरी श्वांस चारों और प्रसारित करता है। वैसे ही धर्म रूपी श्वांस को फैलाता यह पर्व हमारे आंगन में आ गया है। यह पर्व सबके हृदय में मैत्री भाव तथा अहिंसा का पवित्र झरना बहाता है।

पर्व के दो प्रकार, एक लौकिक और दूसरा लोकोत्तर

साध्वी ने कहा कि पर्वों में केवल राग-रंग का प्रधायन्य होता है, वे लौकिक पर्व हैं। पर्वाधिराज पर्यूषण आत्मा को उर्ध्वगति के सोपान पर चढ़ाने वाला लोकोत्तर पर्व है। इस पर्व की आराधना करने से लोकोत्तर दिव्य सुख प्राप्त होते हैं। यह पर्व जिनशासन का श्रृंगार है। आज दोपहर को साध्वी रजत प्रभा ने कल्पसूत्र का वाचन किया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। इस दौरान अलग-अलग प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। पर्यूषण पर्व में आपसी प्रेम भाव बढ़ाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया।

धार्मिक अंताक्षरी का आयोजन, 4-4 लोगों के 10 ग्रुप बने

धार्मिक अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 4-4 के 10 ग्रुप बनाए गए। 2 घंटे तक चली इस अंताक्षरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रुचिता बाघमार, संगीता बाफना, ममता कर्णावट, रचना रतन बोहरा तथा द्वितीय स्थान पर सौम्या मोदी, श्वेता भंडारी, रेणुका गोलछा रहीं। सूर्यास्त के बाद प्रतिक्रमण तथा उसके पश्चात आचार्य सम्राट जयमल महाराज की एक घंटे की स्तुति का कार्यक्रम हुआ।

पर्वाधिराज पर्व के पहले दिन खाद्य संयम

पर्वाधिराज पर्यूषण का पहला दिन खाद्य संयम दिवस के रूप में मनाया गया। प्रधान आचार्य महाश्रमण की कृपा से दुर्ग क्षेत्र को उपसिका के सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ध्यान के सामूहिक प्रयोग से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। उपासिका भाग्यवती कच्छारा ने पर्यूषण पर्व की महत्ता को विस्तार से बताया। आपने खाद्य संयम की आवश्यकता को अनेकों उदाहरणों के माध्यमों से बताते हुए सभी को जागरूक किया। रित-मित-हित भोजन हेतु प्रेरित किया। सहयोगी उपासिका हेमलता कोठारी ने खाद्य संयम को पौराणिक दृष्टान्तो के माध्यम से समझाया। जैसा अन्न वैसे विचार वैसा स्वास्थ्य को परिभाषित करते हुए नैतिक बनने की प्रेरणा दी। तेरापंथ महिला मंडल की सुरभि बरमेचा व कन्या मंडल की लब्धी, तनीषा बरमेचा ने खाद्य संयम पर गीतिकाओं का मधुर संगान किया। काफी संख्या में धर्म प्रेमियों ने जैन भवन महावीर कॉलोनी में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

4 को तीज उत्सव, प्रश्नोत्तरी, कुर्सी दौड़, गोली-चम्मच, रस्सा खींच जैसी प्रतियोगिताएं होंगी

दुर्ग। 4 सितंबर बुधवार को मालवीय नगर स्थित खालसा स्कूल में सुबह 11 बजे से तीज मिलन उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रश्नोत्तरी, कुर्सी दौड़, गोली-चम्मच, रस्साकसी जैसी कई अन्य प्रतियोगिताएं महिलाओं के लिए आयोजित की जाएंगी। आयोजन को लेकर निगम का प्रतिनिधि मंडल महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिला। उन्हें आयोजन के लिए आमंत्रित किया। भूपेश बघेल ने भी आयोजन में शामिल होने सहमति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम करेंगी। विशेष रूप से पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, ताम्रध्वज साहू, अनिला भेड़िया, अरुण वोरा मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में भिलाई महापौर नीरज पाल, भिलाई-चरोदा महापौर निर्मल कोसरे, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, पूर्व विधायक प्रदीप चौबे, प्रतिमा चंद्राकर, गया पटेल, कांग्रेस के महामंत्री राजेन्द्र साहू, एआईपीसी के राष्ट्रीय समन्वयक क्षितिज चंद्राकर, जमुना साहू, कन्या ढीमर सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।

- दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को किया आमंत्रित

पारंपरिक परिधान और तीज क्वीं होंगी सम्मानित

महिलाओं के सम्मान व उत्साह को बढ़ाने के लिए हो तीज मिलन उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में तीज क्वीन, पारंपरिक परिधान, प्रश्नोत्तरी, कुर्सी दौड़, रस्सा खींच, गोली चम्मच प्रतियोगिता सहित अन्य विविध कार्यक्रम होंगे। महापौर धीरज बाकलीवाल ने बताया कि सभी महिलाओं और बहनों को आमंत्रित किया गया है। भारतीय संस्कृति में महिलाएं एवं बहनें नारीशक्ति के रूप में देवी स्वरूप पूज्यनीय हैं। उनके सम्मान में यह आयोजन होने जा रहा है।

स्वर्ण जयंती महोत्सव को लेकर सकल समाज की बैठक

दुर्ग। श्री बाबा रामदेव मंदिर गंजपारा के स्वर्ण जयंती महोत्सव एवं बाबा रामदेव के जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित सभी धार्मिक आयोजन को सफल एवम ऐतिहासिक बनाने हेतु सकल समाज के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों की बैठक रामदेव मंदिर में आयोजित की गई। इसमें नगर की सभी सामाजिक वा धार्मिक गतिविधियों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने वाले सनातन सकल समाज के पदाधिकारियों के प्रभावी बैठक आयोजित की गई।

बैठक में माहेश्वरी समाज, जैन समाज, अग्रवाल समाज, राजस्थानी गौड़ ब्राह्मण समाज, सोनी समाज, देवांगन समाज, सिंधी समाज, गुजराती समाज, साहू समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में सभी समाज के पदाधिकारियों में रामदेव मंदिर के स्वर्ण जयंती महोत्सव में पूरा सहयोग देने सहित समाज के सभी महिला पुरुष युवा एवं बच्चों सहित कार्यक्रम में उपस्थित रहने की बात कही। 14 सितंबर को भव्य शोभायात्रा निकाले जाने की भी जानकारी दी गई।

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह, 8 सितंबर को होंगे अलग-अलग आयोजन

साक्षर होने का संदेश लेकर निगम कर्मियों ने निकाली उल्लास रैली

कार्नर न्यूज

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर रिसाली निगम के कर्मियों ने जागरुकता रैली निकाली। साक्षर होने के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। आयुक्त मोनिका वर्मा और जिला नोडल अधिकारी डॉ. पुष्पा पुरुषोत्तमन ने मरोदा चौपाटी के निकट झंडी दिखाई। रैली में लगभग 200 अधिकारी कर्मचारी शामिल थे। अधिकारी-कर्मचारियों का काफिला शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा।

भिलाई। रैली स्लम क्षेत्रों से भी होकर गुजरी। कलेक्टर ऋचा प्रकाश और जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा के मार्गदर्शन में यह रैली निकाली गई। इससे पहले 50 महिलाओं ने पैदल मार्च निकाला। इसके बाद 50 से अधिक बाइक में रिसाली के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। इसके अलावा काफिला में जन स्वास्थ्य विभाग के 70 वाहनों को शामिल किया गया। इस अवसर पर सहायक संचालक अमित घोष, खेल अधिकारी तनवीर अकील, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, अखिलेश गुप्ता, नितीश अमन साहू, चंद्र पाल हरमुख आदि उपस्थित थे।

हर किसी को साक्षर बनाना उद्देश्य

प्रदेश में 1 से 8 सितंबर तक अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाना और जिले के असाक्षर साथियों को साक्षर कर उन्हें डिजिटल युग के लिए सुदृढ़ बनाना है। इसे लेकर 8 सितंबर तक अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आगामी दिनों में विभिन्न प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इस क्षेत्र में कार्य करने वाले सम्मानित भी किए जाएंगे।

हर दिन अलग-अलग आयोजन की तैयारी

साक्षरता सप्ताह में जन-जन में साक्षरता की अलख जगाने के लिए प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में आज स्वच्छता मितान और निगम कर्मचारियों ने साथ मिलकर वाहन रैली निकालकर साक्षरता सप्ताह के प्रथम दिवस का आगाज किया। रैली श्रमिक बाहुल्य बस्तियों के विभिन्न वार्डों में निकाली गई। लोगों को साक्षरता के बारे में जानकारी दी गई।

सिटी इवेंट

छात्राओं को खेलों में आगे बढ़ने किया प्रोत्साहित

भिलाई। भिलाई महिला महाविद्यालय, सेक्टर 9 में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन महाविद्यालय के खेल सभागार में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ. संध्या मदन मोहन थी, विशेष अतिथि उप प्राचार्या डॉ निशा शुक्ला तथा क्रीड़ा प्रभारी डॉ एम माधुरी देवी, डॉ निधि मोनिका शर्मा थी। कार्यक्रम का संचालन व शुरुवात क्रीड़ा अधिकारी प्रतीक्षा ताठे द्वारा छात्राओं को राष्ट्रीय खेल दिवस की जानकारी साझा करते हुए किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मंचासिन सभी अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संध्या मदन मोहन ने राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व एवं खेलकूद की हमारे जीवन में आवश्कता की जानकारी देते हुए छात्राओं को खेलो में आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। इस दौरान प्राचार्या, उप प्राचार्या, शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ व छात्राओं ने जुंबा डांस एंड फिटनेस एक्टिविटी में लगभग 45 मिनट भाग लेकर शरीर को स्वस्थ रखने जूंबा करने के महत्व को बताया।

छात्राओं को स्वस्थ व फीट रहने के दिए टिप्स

विभिन्न खेलों के प्रति सभी को प्रोत्साहित करने शैक्षणिक स्टाफ के लिए म्यूज़िकल चेयर खेल का आयोजन किया गया। इस आयोजन में लगभग दो सौ से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी प्राध्यापिकाओं व छात्राओं को स्वस्थ व फिट रहने सुबह नाश्ते व विशेष डायट प्लान कर डायटिंग की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में क्रीड़ा प्रभारी डॉ. एम. माधुरी देवी, डॉ. निधि मोनिका शर्मा तथा क्रीड़ा अधिकारी प्रतीक्षा ताठे सोनी, सभी टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सहित सभी छात्राओं ने खेल दिवस पर आयोजित सभी खेलों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

समाज इवेंट

संस्कृत में नाटक का बच्चों ने किया मंचन, विजेता हुए पुरस्कृत

भिलाई। केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में पीएम गतिविधियों के अंतर्गत पठन प्रचार सप्ताह का आयोजन किया गया। एक सप्ताह तक लगातार चले पठन प्रचार सप्ताह

- भाषा के बिना ज्ञान का विकास नहीं हो सकता : मिश्र

के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी आर चौहान व कार्यक्रम का संयोजन डॉ राकेश श्रीवास्तव, उषा शर्मा और संजू कुमारी के मार्गदर्शन में छात्रों में पुस्तक पढ़ने की आदतों का विकास हुआ।

भाषा को जाने समझे बगैर ज्ञान का विकास नहीं

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने कहा कि भाषा ज्ञान की पहली सीढ़ी है। भाषा को जाने समझे बगैर ज्ञान का विकास नहीं हो सकता। भारत सरकार शिक्षा की दिशा में इस बात का प्रयत्न कर रही है की प्राथमिक स्तर पर ही बच्चे इंग्लिश भाषा को आत्मसात करके पढ़ने में दक्षता प्राप्त करें। लेकिन संस्कृत हमारी मूल भाषा है जिसके लिए पठन प्रचार का आयोजन किया गया है।

ये बच्चे हुए पुरस्कृत

पठन प्रचार सप्ताह के समापन अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया। पुस्तक समीक्षा लेखन में काव्या वर्मा, आकाशी साहू, कार्तिक, भाषा संगम में रक्षित, साई सूर्यांश नायक, प्रीतम कुमार व्यापारी, त्रिशिर दुबे पुरस्कृत हुए। सस्वर वाचन में रितिका श्रीवास्तव, प्रणव विकास यादव, करेक्ट वर्ड पर मिनट प्रतियोगिता में आदित्री अवस्थी, राखिया व नैतिक, कविता वाचन प्राथमिक विभाग में वैष्णवी, वरुण, दिव्यांजलि, कहानी वाचन प्राथमिक विभाग विवेक, नित्य सिंह, लुभांश को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अजय आर्य के निर्देशन में संस्कृत भाषा में पौराणिक नाटक की प्रस्तुति अनिका देवांगन सोनिया पटेल, शिवानी देशमुख, माही शर्मा, दर्शिता, वैभवी, अर्नव, सानिध्य द्वारा दी गई। यह नाटक डॉ. अजय आर्य के निर्देशन में तैयार किया गया।

● तालपुरी व रिसाली में मनाया गया तीज सेलिब्रेशन, महिलाओं में दिखा उत्साह

फैशन शो में कैटवॉक कर दिखाया जलवा प्रादेशिक वेशभूषा में दिया एकता का संदेश

भिलाई। सावन-भादों का पूरा महिना महिलाओं के व्रत व पर्व का होता है। जिसमें महिलाएं तीज के बहाने अपनी पुरानी सखियों से मिलकर बीते दिनों को याद कर प्रफुल्लित हो उठती है। इसी उद्देश्य से ट्विनसिटी में जगह-जगह तीज सेलिब्रेशन का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में तालपुरी में आयोजित तीज सेलिब्रेशन में महिलाओं ने रैंप वॉक कर जलवा बिखेरा, तो वही रिसाली की संयुक्त महिला समिति द्वारा विभिन्न राज्यों की वेशभूषा में नृत्यों की प्रस्तुति दी।

तालपुरी बी ब्लॉक के क्लब हाउस में हमर संगवारी ग्रुप के तत्वावधान में हरियाली तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर फैशन शो प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें गोल्डी वर्मा तीज क्वीन चुनी गई, जबकि किरण बघेल फर्स्ट रनरअप तथा प्रतिमा उर्वशा सेकंड रनरअप रहीं। इस प्रतियोगिता में ट्रेडीशनल लुक में 12 महिलाओं ने कैटवॉक कर आयोजन में जलवा बिखेरा। जिसमें इन विजेताओं के अलावा आशा वर्मा, कविता सिन्हा और लता साहू को टॉप सिक्स में जगह बनाने में कामयाबी मिली, जिन्हें बेस्ट गेटअप, बेस्ट मेकअप तथा सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। फैशन शो में मिसेज कल्चर वर्ल्ड इंटरनेशनल विनर शिखा साहू, संगीता साहू एवं रश्मि शिंदे जज थीं। क्वेश्चन अवर के बाद सभी प्रतिभागियों ने शानदार नृत्य भी प्रस्तुत किया। कीर्तिलता वर्मा के नेतृत्व में महिलाओं ने हिंदी और छत्तीसगढ़ी गानों पर एकल और समूह नृत्य पेश कर जमकर धमाल मचाया।

नृत्य के माध्यम से दिखाई भक्ति की शक्ति

इस मौके पर जहां गायत्री देवांगन, नाशी वर्मा, किरण बघेल, सुषमा चंद्राकर, प्रतिमा, सीमा देवांगन, गोल्डी वर्मा, नीलू बेलचंदन तथा भरतलक्ष्मी पटेल ने सोलो डान्स किया, वहीं प्रतिमा, सुनीता, कविता, दीपा, सविता, योगिता, आशा वर्मा, मीनाक्षी वर्मा, रंजना जांगड़े, रूपा सतवती, चेतना वर्मा, कविता, नीतू, पुष्पा जंघेल, वंदना, दीप्ति साहू तथा प्रतिमा उर्वशा ने ग्रुप डान्स पेश कर भरपूर मनोरंजन किया, जबकि गौरी देवांगन ने नृत्य के माध्यम से भक्ति की शक्ति दिखाई।

शिव पुराण की महिमा पर हुआ नाटक का मंचन

इस उत्सव में शिव पुराण की महिमा पर नाटक का मंचन भी किया गया, जिसमें देवप्रभा और लक्ष्मी साहू ग्रुप ने दमदार अभिनय किया। इनके अलावा विमला साहू एवं कृतिका साव ने राज्यगीत और निर्मला शैलेंद्र, अनीता सोनी तथा सारिका साहू ने अपनी सुरीली आवाज में गीत गाकर समां बांधा। उत्सव का संचालन योगिता चंद्राकर तथा सुनीता चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम का संचालन ममता वर्मा ने किया।

तीज क्वीन बनी सविता, नृत्यों की प्रस्तुतियों ने बटोरी तालियां

भिलाई। संयुक्त महिला समिति प्रगति नगर रिसाली द्वारा तीज मिलन का कार्यक्रम में प्रादेशिक नृत्य प्रतियोगिता व तीज क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सदस्याएं प्रादेशिक वेशभूषा में तैयार हो कर अनेकता में एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत रिसाली महापौर शशि सिन्हा दवरा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगितामें बतौर जज नृत्य गुरु राखी राय और रजनी मेनन उपस्थित थीं।

विभिन्न राज्यों की नृत्यों की दी प्रस्तुति

कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ी, पंजाबी, राजस्थानी, कश्मीरी, भोजपुरी, गुजराती, मराठी, ओड़ीसी सहित विभिन्न राज्यों की नृत्य शैली को दर्शाते हुए समूह नृत्य की प्रस्तुति माधुरी, प्रतिभा, नीरा, सरिता, प्रीति, मनीषा, सविता, नीता, प्रीति, लीना, वंदना ने दी। समिति की अध्यक्ष अनुजा अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित तीज सेलिब्रेशन में सचिव ममता श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण व महासचिव लतिका राजन ने आभार प्रकट किया। कोषाध्यक्ष सरस्वती गुप्ता ने एनुअल रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सचिव लीना दास, मधुमिता भौमिक, वंदना सोनी, मनीषा दीवान, शरदिनी नायडू, करतार कौर उपस्थित थी।

यह रहे विजेता

नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम मधु ठाकुर, द्वितीय प्रीति डोबले, तृतीय लीना नायक, सांत्वना तस्नीम सुल्ताना, बी सविता, केया चटर्जी व जूली सिन्हा को विशेष पुरस्कार दिया गया। तीज क्वीन प्रतियोगिता में तीज क्वीन सविता पांडे, फर्स्ट रनरअप बी सविता, सेंकेड रनरअप एकता यादव, बेस्ट परिधान सुरेखा निगोंस्कर, बेस्ट पर्सनालिटी ऋतु शर्मा रही।

पर्यावरण संरक्षण

पौधरोपण का महत्व बताकर सुरक्षित रखने का लिया संकल्प

भिलाई। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विभिन्न स्थानों में पौधरोपण अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में वार्ड-7 के रहवासियों ने रविवार को पौधारोपण कर इन पौधों की रक्षा करने का संकल्प लिया। अयप्पा नगर, दुर्गा नगर और आनंद विहार के वरिष्ठ नागरिक शिशिर गुरु और रहमान के मार्गदर्शन मे हुए इस आयोजन में मुख्य सहयोगी आर्टकाम की टीम ने वृक्षारोपण का महत्व समझाया। वार्ड के रहवासी रमेश श्रीवास्तव ने पौधारोपण कर कहा प्रकृति मे संतुलन बनाये रखने पौधरोपण अभियान चलाना अनिवार्य है।कार्यक्रम में उल्लास नगर समिति के अध्यक्ष अशोक मेश्राम, महासचिव अब्दुल रब, दुर्गा नगर की विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश गजभिये, उपाध्यक्ष उर्मिला शर्मा, सैय्यद अली, वूद आलम, मो.अकील, रजा सिद्दीकी, रहमान, मोहम्मद शादाब, जाकिर, शादाब खान, शकील, मुज़ीब, फारूख खान, शुभेन्द्र त्रिपाठी, सुशील देवांगन, सैय्यद, माबूद आलम, विजय खोब्रागढ़े, मनोज एडवोकेट, इनाम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

प्रवास आंध्र प्रजा नाट्य मंडली का आयोजन

समाज के बच्चों को तेलुगू भाषा सिखाने ग्रीष्मकालीन अवकाश में लगेगी क्लास

भिलाई। प्रवास आंध्र प्रजा नाट्य मण्डली, भिलाई द्वारा नेहरू हाऊस सेक्टर 1 में तेलुगू भाषा दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बी जोगा राव अध्यक्ष भिलाई तेलुगू समाज उपस्थित थे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति अपनी मातृभाषा के अलावा कई अन्य भाषा सीखें और उसमें जितना भी पारंगत हासिल कर लें लेकिन वह उस भाषा में अपने मार्मिक भावनाओं को सटीक ढंग से व्यक्त नहीं कर सकता है जिस आसानी से अपनी मातृभाषा में कर सकता है।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विशेष अतिथि वाई भास्कर राव महासचिव भिलाई मत्स्यकार सामाजिक संगठन, विशिष्ट अतिथि जी हरिकृष्ण अध्यक्ष वाडाबलिजा जातीय संघम ने तेलुगू भाषा आंदोलन के पितामह गिडुगु वेंकट राम मूर्ति के तैल चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बी जोगा राव ने भिलाई के विभिन्न तेलुगू संघ संस्थाओं के प्रमुखों से अपील किया कि वे अपने बच्चों को तेलुगू भाषा सिखाने के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश में प्रशिक्षण कक्षाओं का आयोजन करें। इस दौरान कवि व्ही अप्पा राव द्वारा दो कविताओं को प्रस्तुत किया गया। के डिल्ली राव, एम व्ही एन राव, पी यर्रन्ना, बी मधुसूदन राव, एम ईश्वर राव, एम धर्मा राव, एम वेंकट राव, एल चैतन्य, के हरि, ई तुलसी दास ने भी अपनी कविताएं और गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन एम बाबू राव व आभार प्रदर्शन सी एच श्रीनिवास ने किया।

कार्नर न्यूज

यज्ञ देवताओं का मुख, देवगण इसी से भोग प्राप्त करते हैं : डॉ आर्य वैदिक सत्संग में बताया, यज्ञ का महत्व

भिलाई। सनातन धर्म के लिए यज्ञ की भावना और यज्ञ के ज्ञान को आवश्यक है। रामायण, गीता से लेकर उपनिषद और वैदिक ग्रंथ में यज्ञ का वर्णन है। राम और कृष्ण परंपरा में यज्ञ देव पूजा माना गया है। देवों की पूजा करने के लिए यज्ञ किया जाता है। शास्त्रों में बताया है कि यज्ञ देवताओं का मुख है। देवगण इसी से भोग प्राप्त करते हैं। वैदिक सत्संग के दौरान यह बातें वैदिक सत्संग के दौरान आचार्य डॉ अजय आर्य ने कहीं।

गुस्से पर नियंत्रण रखना जरूरी

आर्य समाज मंदिर के घर-घर यज्ञ अभियान से लोग जुड़ रहे है। इसी कड़ी में दुर्ग में वैदिक सत्संग एवं यज्ञ का आयोजन किया गया। वैदिक सत्संग के दौरान आचार्य दिलीप ने कहा कि मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन उसका गुस्सा होता है। गुस्से में मनुष्य की बुद्धि काम करना बंद कर देती है और वह यह समझ ही नहीं पाता कि वह क्या कर रहा है। ऐसे में वह खुद की हानि कर लेता है, इसलिए अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना बहुत जरूरी है।

कर्म के अनुरुप ही मिलेगा फल

गायक ईश्वर सामवेदी ने कहा व्यक्ति को सफल जीवन और किसी भी तरह की कठिनाइयों का सामना करने के लिए आत्म मंथन अवश्य करना चाहिए। आत्म ज्ञान से व्यक्ति अपने अंदर के अज्ञान को समाप्त कर सकता है। साथ ही सही और गलत में भी पहचान कर सकता है। प्रोफेसर जनेंद्र ने बताया कि हर मनुष्य को कर्म कर फल की इच्छा नहीं करनी चाहिए। जैसा आपका कर्म होगा ईश्वर आपको उसके अनुरूप ही फल देंगे। यदि आप कार्य के पहले ही परिणाम की अपेक्षा करेंगे तो आपका मन भ्रमित हो जाएगा और आप अपना कर्म ठीक से नहीं कर पाएंगे। वैदिक सत्संग व यज्ञ के दौरान हिमांशु साहू, कन्हैया लाल साहू, दिव्या साहू, कविता साहू, तुषार, मनोज आर्य, खुशी, निधि, मनोज साहू, अनुज प्रताप सिंह, अशोक, मोहित, श्रीवास, सत्यभामा, अतुल, कान्हा, अंकित शास्त्री, ईश्वर चंद्र, दिलीप आर्य, जैनेंद्र आर्य, सुभाष आदि ने यज्ञ में आहुति प्रदान की।

सिटी स्पोर्ट्स

भुपेन के शानदार शतक के साथ छत्तीसगढ़ की जीत

रायपुर। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ पुदुच्चेरी द्वारा सीनियर मेंस इंटर स्टेट मल्टी डे क्रिकेट टूर्नामेंट 28 अगस्त से जारी है। प्रतियोगिता के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की टीम का दुसरा दो दिवसीय मैच (31 अगस्त -01 सितंबर) को पुदुच्चेरी में प्रेसीडेंट-11 पुदुच्चेरी के विरुद्ध खेला गया। दूसरे दिन छत्तीसगढ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पुदुच्चेरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 64.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 264 रन बनाए। पुदुच्चेरी टीम की ओर से आकाश ने 80 रन तथा रितेष ने 64 रनों का योगदान दिंया। छत्तीसगढ़ की ओर से शुभम अग्रवाल ने 4 विकेट तथा अजय मंडल ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुये छत्तीसगढ़ ने 69 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 265 रन बनाकर 5 विकेट से मैच जीत लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से भुपेन लालवानी ने शानदार शतक लगाते हुये 13 चौकों तथा 1 छक्के की मदद से 103 रन बनाये। इनके साथ ही अजय मंडल ने 5 छक्कों तथा 2 चौकों की मदद से नाबाद 48 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। पुदुच्चेरी की ओर से गुरवेंदर सिंह ने 3 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच 5 विकेट से जीत लिया।

अंतरराज्यीय बैडमिंटन स्पर्धा के लिए छत्तीसगढ़ टीम को दी गई किट

रायपुर। आणंद (गुजरात) में 3 से 6 सितंबर तक आयोजित पश्चिम क्षेत्रीय अंतरराज्यीय बैडमिंटन स्पर्धा के लिये छत्तीसगढ़ की टीम को खेल सामग्री (किट डिस्ट्रीब्यूशन) वितरण का कार्यक्रम हुआ। अंडर-19 जूनियर टीम (पश्चिम क्षेत्र) में मानस भट्टाचार्य–अक्षय दत्त मिश्रा–माही सेन–राशी मल्ल–इशिका पोद्दार– सौरव साहू–तनु चंद्रा–जयेश होसांगाबड़े–श्वेता परदेशी–रौनक चौहान,सीनियर टीम (पश्चिम क्षेत्र) में रौनक चौहान–जयादित्य प्रताप सिंह–रुद्राक्ष स्वर्णकार–हर्षित ठाकुर–रमा दत्ता–हीराल चौहान–जयन्तिका राठौर– करिश्मा खर्डिकर–आयुष माखीजा–सुजय तंबोली–जूही देवांगन–श्वेता परदेशी–माही सेन–एम. वी. अभिषेक– प्रभजीत सिंह छाबड़ा, कोच और प्रबंधन–पवन मलिक कोच–आदित्य नायर कोच–नूतेंद्र साहू मैनेजर शामिल हैं। राज्य बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष विक्रम सिसोदिया व अन्य पदाधिकारियों ने टीम को शुभकामनाएँ दी हैं।

कॉमनवेल्थ शतरंज चैंपियनशिप में भाग ले रही है छत्तीसगढ़ की हेतांशी

रायपुर। छत्तीसगढ़ की प्रतिभावान शतरंज खिलाड़ी हेतांशी मुदलियार श्रीलंका में चल रही प्रतिष्ठित कॉमनवेल्थ युवा शतरंज चैंपियनशिप की बालिका आयु वर्ग 12 में भाग ले रही है। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत की ओर से अंडर-12 कैटेगरी में प्रतिनिधित्व करने वाली छत्तीसगढ़ की हेतांशी एकमात्र खिलाड़ी है।

यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 27 अगस्त से 5 सितंबर तक श्रीलंका के कलूतरा प्रांत में आयोजित किया जा रहा है। जहां हेतांशी राष्ट्रमंडल देशों के शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगी। हेतांशी की वर्तमान अंतरराष्ट्रीय रेटिंग 1465 है एवं वे लगातार शतरंज की विभिन्न राज्य व राष्ट्रीय स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुकी है। इस असाधारण उपलब्धि के अलावा हेतांशी ने पिछले माह इंदौर में आयोजित आईपीएससी टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल करते हुए अपने कौशल और समर्पण का प्रदर्शन किया है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण इस वर्ष आयोजित होने वाले एसजीएफई और सीआईएससीई जैसे राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए भी उनका चयन किया गया है। हेतांशी ने शतरंज की यात्रा सर्वप्रथम स्वर्गीय नन्दलाल के सानिध्य में शुरू की थी। इसके उपरांत चेस शाला के संस्थापक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं फ़िडे इंस्ट्रक्टर रोहित यादव, माइंड जिम चेस अकादमी के रवि कुमार के विशेष मार्गदर्शन में अपने चेस कौशल का विकास किया। हेतांशी शहर की प्रतिष्ठित विद्यालय राजकुमार कॉलेज की छठवी की छात्रा है एवं इस राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप के चयन के लिए छत्तीसगढ़ शतरंज फेडरेशन के महासचिव विनोद राठी एवं रायपुर डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन के सचिव नवीन शुक्ला व अन्य पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी है। हेतांशी मुदलियार ने 2022 में छत्तीसगढ़ राज्य अंडर-11 बालिका शतरंज चैंपियनशिप जीती थी। 2023 में छत्तीसगढ़ राज्य अंडर-11 बालिका शतरंज चैंपियनशिप में उपविजेता स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय स्तर पर 3 राष्ट्रीय चैंपियनशिप और 3 स्कूल राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट में भाग लिया। उन्होंने कई रेटेड शतरंज टूर्नामेंट में भाग लिया। एशियाई युवा शतरंज चैंपियनशिप में कोविड-19 महामारी के दौरान ऑनलाइन संस्करण में खेला।

एडीएचडी का प्रभाव देखा जा रहा है बच्चों में

बहुत ज्यादा उछलता-कूदता है आपका बच्चा तो इस रोग से हो सकता है पीड़ित, जानें लक्षण और उपचार

कुछ बच्चे घंटों तक रंग भरने या आधे दिन तक चुपचाप ब्लॉकों के साथ खेलने में संतुष्ट रहते हैं। वहीं कुछ बच्चे दो मिनट भी शांत नहीं बैठ पाते। ये एडीएचडी के लक्षण भी हो सकते हैं। 12 साल के रोहन की स्कूल से अक्सर शिकायत आती कि वह एक जगह टिक कर नहीं बैठता और टीचर का सवाल सुने बिना ही जवाब देने लगता है। रोहन के माता-पिता, दोनों ही नौकरी करते हैं, इसलिए वे उसे सही से समझ नहीं पा रहे। इस परेशानी से छुटकारा पाने के लिए रोहन की मां रीना ने वर्क फ्रॉम होम करना शुरू किया और अपने बेटे का व्यवहार अलग पाया। स्कूल से मिल रही शिकायतों को अब वह समझ पा रही थी। इसलिए जब वह रोहन को डॉक्टर के पास लेकर गई तो पता चला कि वह एडीएचडी से पीड़ति है।

क्या है एडीएचडी

एडीएचडी यानी अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर। यह बच्चों को प्रभावित करने वाले सबसे आम मानसिक विकारों में से एक है। यह एक न्यूरो डेवलपमेंटल विकार है। इस बीमारी से पीड़ति बच्चे में ध्यान केंद्रित करने की कमी, अतिसक्रियता और आवेगशीलता के लक्षण पाए जाते हैं। अधिकतर यह कुछ बदलावों से बचपन में ही ठीक हो जाता है, लेकिन कभी-कभी बड़े होने तक भी सक्रिय रहती है। ऐसे में बच्चे के विकास के लिए इसका समय पर निदान और उचित प्रबंधन बहुत जरूरी है। एडीएचडी के मुख्य रूप से तीन प्रकार होते हैं- संयुक्त प्रस्तुति, अतिसक्रिय/आवेगपूर्ण प्रस्तुति और असावधान प्रस्तुति।

प्रबंधन और चिकित्सा उपचार

एडीएचडी का निदान एक योग्य चिकित्सक या मनोचिकित्सक ही कर सकता है। इसके लिए डॉक्टर परिवार का इतिहास, गर्भावस्था और प्रसव के दौरान की जानकारी, बच्चे के शुरुआती विकास, शिक्षा, सामाजिक संबंध और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की जानकारी लेते हैं, ताकि पता लगाया जा सके कि समस्या आनुवांशिक तो नहीं है। फिर इसके जरिए उसे आत्मनियंत्रण और सकारात्मकता का गुण सिखाया जाता है, ताकि बच्चा सामाजिक और शैक्षिक समस्याओं का सामना कर पाने में समर्थ बने।

सुरक्षित और समर्थित माहौल

मानव व्यवहार एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान, दिल्ली में मनोचिकित्सा विभाग के प्रोफेसर डॉ. ओम प्रकाश कहते हैं, एडीएचडी का सही समय पर निदान और प्रबंधन बच्चों के शैक्षिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास में मदद कर करता है। बच्चे में एडीएचडी के लक्षण दिखाई देते हैं तो समय रहते विशेषज्ञ से परामर्श अवश्य लें। सही उपचार और पारिवारिक सहयोग बच्चे के लिए बहुत जरूरी है। एडीएचडी के प्रबंधन में माता-पिता और शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। माता-पिता को बच्चे के सकारात्मक पहलुओं को प्रोत्साहित करना चाहिए और उसके व्यवहार को समझने की कोशिश करनी चाहिए। स्थिर और समर्थनकारी वातावरण बनाना बच्चे के आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिक्षकों को बच्चों के लिए संरचित और शांत वातावरण बनाना चाहिए, जहां बच्चा सुरक्षित महसूस करे।

कब होती है यह समस्या

एडीएचडी की समस्या अक्सर प्री-स्कूल या केजी तक के बच्चों में देखी जाती है। कुछ बच्चों में किशोरावस्था में यह स्थिति और गंभीर हो सकती है, तो कई बार यह समस्या वयस्कों को भी परेशान करती है। एडीएचडी से पीड़ित बच्चे में असावधानी और अतिसक्रियता, दोनों के लक्षण होते हैं। मसलन, बिना अनुमति के दूसरों का सामान ले लेना या उनके काम में बाधा डालना। साथ ही दूसरों की बात न सुनना, बस अपनी बातों को ऊपर रखना, बिना वजह चिल्लाना इनकी आदत बन जाता है।

माता-पिता के लिए संकेत

बच्चा किसी भी कार्य पर लंबे समय तक ध्यान केंद्रित नहीं कर पाता। हमेशा अत्यधिक ऊर्जा से भरा रहता है और शांत नहीं बैठ पाता। बच्चा अक्सर अपने काम को शुरू तो करता है, लेकिन उसे पूरा नहीं कर पाता। उदाहरण के लिए, वह खेलते समय एक खिलौने को छोड़कर दूसरे की ओर भागता है। बच्चा दूसरों के साथ खेलते समय समस्याएं दिखा सकता है, जैसे कि दोस्तों से झगड़ा करना, उनकी बात न सुनना या खेल के नियमों का पालन न करना।

हरतालिका तीज पर निर्जला उपवास के कारण हो न जाएं बीमार, रखें इन बातों का भी ध्यान



भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को हरतालिका तीज का पर्व मनाया जाता है। इस दौरान महिलाएं निर्जला उपवास करती हैं। यह व्रत करवा चौथ और छठ पूजा की तरह ही कठिन होता है। हरतालिका तीज के दिन महिलाएं अन्न के साथ ही जल का भी सेवन नहीं करती हैं। निर्जला व्रत करने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में महिलाओं को हरतालिका तीज के मौके पर निर्जल उपवास करने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए ताकि त्योहार में स्वास्थ्य संबंधी परेशानी न हो।

दही या नारियल पानी पीकर रखें व्रत

उपवास करने से पहले दही का सेवन करें या नारियल पानी पीएं। नारियल पानी शरीर में पानी की कमी को पूरा करता है और दही खाने से अधिक प्यास नहीं लगती है। निर्जला उपवास से पहले दही या नारियल पानी का सेवन करने से व्रत के दौरान ज्यादा प्यास नहीं लगेगी।

धूप से बचें

उमस भरी गर्मी और धूप के कारण शरीर में पानी की कमी होने लगती है और बहुत अधिक प्यास लगती है। व्रत के दौरान आप प्यास पर तो काबू कर लेते हैं, लेकिन शरीर को पानी की जरूरत महसूस होती है, जिसे पूरा न करने पर चक्कर आना, सिर दर्द होना जैसी समस्याएं हो सकती है। इससे बचने के लिए प्रयास करें कि धूप व गर्मी से बचें ताकि अधिक प्यास न लगे और शरीर से पसीना कम बहे और पानी की जरूरत कम महसूस हो।

थकान से बचें

शारीरिक सक्रियता के कारण थकान महसूस होती है। थकावट को कम करने के लिए शरीर पानी मांगता है। उपवास में अगर आप पानी नहीं पी सकते हैं तो शारीरिक सक्रियता कम रखें। ज्यादा मेहनत वाला या थकावट वाला काम न करें। आराम करें ताकि शरीर की स्फूर्ति बनी रहे और प्यास कम लगे।

स्नान करें

अगर उपवास के दौरान प्यास लगे या गर्मी और थकान महसूस करें तो हल्के ठंडे पानी से स्नान कर सकते हैं। नहाने से शरीर को ठंडक महसूस होती है और प्यास कम लगती है।

घर पर आसान विधि से बनाएं ये स्वादिष्ट जूस, बड़ों के साथ बच्चे भी मांगेंगे दोबारा

अगर आप घर पर कुछ हेल्दी और स्वादिष्ट पेय पदार्थ बनाना चाहते हैं तो चुकंदर का जूस बनाकर खुद भी सकते हैं और अपने परिवारवालों को भी पिला सकते हैं। सिर्फ चुकंदर का जूस पीने में काफी अजीब लगता है, ऐसे में हम आपको अलग तरह से जूस बनाने का तरीका बताएंगे।

विधि

चुकंदर का जूस बनाने के लिए सबसे पहले चुकंदर, गाजर और सेब को धोकर छील लें और छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अगर आप अदरक का उपयोग कर रहे हैं तो उसे भी छीलकर छोटे टुकड़ों में काट लें। अदरक का इस्तेमाल पूरी तरह से आप पर निर्भर करता है।

अब जूसर में कटे हुए चुकंदर, गाजर, सेब और अदरक डालें। यदि आप चाहें तो थोड़ा पानी भी मिला सकते हैं ताकि जूस थोड़ा पतला हो सके। वरना बिना पानी के भी जूस तैयार कर सकते हैं।

अब जूसर को चालू करें और सभी सामग्री का रस निकालें। इसे निकालकर छलनी की मदद से छान लें। ताकि बीच-बीच में किसी भी चीज के तिनके स्वाद को खराब न करें। अब जब जूस तैयार हो जाए, तो उसमें आधा नींबू का रस मिलाएं। नींबू के रस के अलावा इस जूस में स्वादानुसार थोड़ा सा नमक मिला सकते हैं। बस आपका ये स्वादिष्ट और पौष्टिक जूस तैयार है। इसे अपने परिवारवालों को परोसें और खुद भी पिएं।

योग करते समय भूल से भी न करें ऐसी गलतियां

योग के कई फायदे होते हैं, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुधारने में मदद करते हैं। सही तरीके से किए गए योगाभ्यास से हृदय स्वास्थ्य बेहतर होता है। वजन पर नियंत्रण, लचीलापन और ताकत आती है। वहीं मानसिक समस्याओं जैसे तनाव और चिंता, नींद की समस्या में भी सुधार होता है। योग इम्यूनिटी को मजबूत करता है और कई रोगों से दूर रखता है। हालांकि सेहत के लिए इतना असरदार होने के बावजूद क्या आप जानते हैं कि योग करते समय की गई छोटी-छोटी गलतियां फायदे की बजाय नुकसान पहुंचा सकती है। योगासन के दौरान उन सामान्य गलतियों से बचें जो स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डाल सकती है।

गंदा योगा मैट

अक्सर लोग योग क्रिया पर ध्यान देते हैं लेकिन आसपास के वातावरण पर ध्यान नहीं देते। जिस योगा मैट पर बैठकर आप अभ्यास करते हैं, वह अक्सर सस्ता और गंदा हो सकता है। सस्ते योगा मैट फिसलने लगते हैं, जिससे चोट लगने का खतरा रहता है। वहीं गंदा योगा मैट कई रोगों का कारक बन सकता है।

कलाई पर ज्यादा भार

योग करते समय अपनी हाथों की कलाइयों पर अतिरिक्त वजन नहीं डालना चाहिए। एक ही मुद्रा में बहुत देर तक बने रहने से पहले कलाइयों को मजबूत करने पर

फोकस करें। ऐसे योगासनों के अभ्यास से बचें, जिससे आपका शरीर अस्थिर होने लगे या सारा भार कलाइयों पर आता हो।

वार्म अप न करना

योग करने से पहले वार्म अप करना चाहिए। कई लोग सीधे कठिन आसनों का अभ्यास करने लगते हैं, जिसे मांसपेशियों में खिंचाव और दर्द हो सकता है। वार्मअप से शरीर लचीला होता है और मांसपेशियां योग के लिए तैयार होती हैं।

जल्दबाजी करना

अक्सर लोग कई योग करने के चक्कर में जल्दी जल्दी आसन बदलते हैं या शरीर को बिना तैयार किए कठिन आसनों का अभ्यास करते हैं। जल्दबाजी में चोट लग सकती है।

सांसों पर ध्यान न देना

योगाभ्यास में सांसों का सही संतुलन महत्वपूर्ण होता है। कई बार लोग योग करते समय सांस रोक लेते हैं या अनियमित तरीके से सांस लेते हैं, जिससे योग का पूरा लाभ नहीं मिल पाता। प्राणायाम और आसनों के दौरान सांस लेने और छोड़ने के सही तरीके पर ध्यान देना चाहिए।



कार्नर न्यूज

भोजन की पवित्रता का ध्यान रखा गया है वास्तु में

वास्तु शास्त्र में भोजन बनाने और करने के लिए तय है नियम, इन्हें जरूर जानिए

वास्तु शास्त्र भारतीय परंपरा में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है और यह जीवन के हर पहलू को प्रभावित करता है। भोजन, जोकि हमारे शरीर और मन की ऊर्जा का स्रोत है, उसके निर्माण और सेवन का सही तरीका जानना आवश्यक है। वास्तु शास्त्र में कुछ विशेष नियम बताए गए हैं जिनका पालन करने से सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है और परिवार में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है।

रसोई की दिशा

वास्तु के अनुसार, रसोई घर को दक्षिण-पूर्व (अग्नि कोण) दिशा में रखना सबसे उचित माना गया है। यह दिशा अग्नि देवता की है, और इसलिए यहां भोजन बनाना शुभ फलदायी होता है। अगर इस दिशा में रसोई बनाना संभव न हो, तो उत्तर-पश्चिम दिशा का चयन किया जा सकता है। लेकिन उत्तर, उत्तर-पूर्व या दक्षिण-पश्चिम दिशा में रसोई घर कभी नहीं बनाना चाहिए, क्योंकि यह दिशाएं नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देती हैं।

खाना बनाते समय मुख की दिशा

खाना बनाते समय मुख का पूर्व दिशा की ओर होना सबसे लाभकारी माना गया है। पूर्व दिशा की ओर मुख करके भोजन बनाने से भोजन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यदि पूर्व दिशा संभव न हो, तो उत्तर दिशा की ओर मुख करके भी खाना बनाया जा सकता है। खाना बनाते समय दक्षिण या पश्चिम दिशा की ओर मुख करना वर्जित है, क्योंकि इससे घर के मुखिया के स्वास्थ्य और समृद्धि पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

रसोई के उपकरणों की व्यवस्था

वास्तु के अनुसार, गैस स्टोव, ओवन, मिक्सर आदि को दक्षिण-पूर्व दिशा में रखना चाहिए। पानी की सुविधा, जैसे कि सिंक या जल भंडारण की व्यवस्था, उत्तर-पूर्व दिशा में होनी चाहिए। रसोई में अनाज और मसालों को दक्षिण या पश्चिम दिशा में रखना शुभ होता है, जिससे घर में कभी भी अन्न की कमी नहीं होती।

भोजन करने की दिशा

वास्तु शास्त्र के अनुसार, भोजन करते समय मुख का उत्तर, पूर्व या पश्चिम दिशा की ओर होना शुभ माना जाता है। उत्तर दिशा में मुख करके भोजन करना स्वास्थ्य और धन की दृष्टि से लाभकारी होता है। पूर्व दिशा की ओर मुख करके भोजन करने से ज्ञान और बुद्धि का विकास होता है। पश्चिम दिशा की ओर मुख करके भोजन करने से लंबी आयु प्राप्त होती है। दक्षिण दिशा की ओर मुख करके भोजन करना वर्जित है, क्योंकि यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

भोजन की थाली का स्थान

भोजन करते समय थाली को लकड़ी की मेज या किसी स्वच्छ, समतल सतह पर रखना चाहिए। भोजन के लिए बैठने की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि व्यक्ति आरामदायक स्थिति में हो। फर्श पर बैठकर भोजन करना भी वास्तु के अनुसार शुभ माना गया है, क्योंकि इससे शरीर की ऊर्जा का संतुलन बना रहता है।

रसोई में साफ-सफाई

रसोई घर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। वास्तु के अनुसार, गंदगी और अव्यवस्था से नकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है, जो परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य और समृद्धि पर बुरा प्रभाव डालती है। भोजन बनाने के बाद रसोई को साफ करना और अगले दिन के लिए तैयार रखना अत्यंत आवश्यक है।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

'बी फेथफुल' के लिए मशहूर रैपर फैटमैन स्कूप की परफॉर्मेंस के दौरान गई जान

अमेरिकी रैपर फैटमैन स्कूप का निधन हो गया है। स्कूप के परिवार और मैनेजर ने शनिवार को यह दुखद खबर साझा की। दरअसल, 53 वर्षीय रैपर फैटमैन स्कूप शुक्रवार रात को कनेक्टिकट के हैमडेन टाउन सेंटर पार्क में एक मुफ्त कार्यक्रम कर रहे थे। स्टेज पर परफॉर्मेंस के दौरान ही वो बेहोश होकर गिर गए उन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। इस दुखद खबर से हिप-हॉप की दुनिया में मातम पसर गया है। हिट ट्रैक 'बी फेथफुल' और 'इट टेक्स स्कूप' के लिए मशहूर रैपर फैटमैन स्कूप के निधन की खबर ने उनके प्रशंसकों और करीबियों को सकते में डाल दिया है। सेलिब्रिटी समाचार साइट टीएमजेड द्वारा प्राप्त घटना के एक वीडियो के अनुसार, जब वह मंच पर थे तब मेडिकल स्टाफ ने स्पष्ट उनके परिवार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट में लिखा, 'अत्यंत दुख और बहुत भारी मन के साथ हम महान और प्रतिष्ठित फैटमैन स्कूप के निधन की खबर साझा कर रहे हैं।' उन्होंने लिखा, 'फैटमैन स्कूप को दुनिया क्लब की आवाज के रूप में जानती थी। उनके संगीत ने हमें डांस करने और जीवन को सकारात्मकता के साथ अपनाने पर मजबूर किया।' स्कूप के मैनेजर बिर्च माइकल ने फेसबुक पर उनकी मौत की पुष्टि करते हुए लिखा, 'मैं आपसे प्यार करता हूं स्कूप। आपने मुझे जो कुछ भी दिया उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।'

टॉलीवुड

'वेट्टैयन' के लिए डबिंग करते दिखे रजनीकांत, जल्द रिलीज की तैयारी

रजनीकांत फिल्म 'वेट्टैयन' में नजर आने वाले हैं। जेलर के बाद से ही फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म अगले महीन 10 अक्तूबर को रिलीज होने वाली है। ऐसे में फिल्म के फिल्म का पोस्ट पोस्ट-प्रोडक्शन का काम जोरदार तरीके से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में वेट्टैयन के निर्माताओं ने एक ऐसा दिलचस्प वीडियो साझा किया है, जिसने फैंस का उत्साह और अधिक बढ़ा दिया है।ॉ लाइका प्रोडक्शंस की ओर से जारी किए गए वीडियो में सुपरस्टार अपने हिस्से की डबिंग करते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में अभिनेता को बेहद ऊर्जा के साथ अपने संवाद बोलते हुए देखा जा सकता है। इस देखकर फैंस में फिल्म को लेकर उत्सुकता और अधिक बढ़ गई है। इस वीडियो को देखने के बाद ऐसा प्रतीत हो रहा है कि फिल्म के लिए रजनीकांत ने पहले ही अपनी डबिंग पूरी कर ली है, क्योंकि वह वर्तमान समय में लोकेश कनगराज की फिल्म की शूटिंग विजाग में कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक फहद फासिल , मंजू वारियर और दुशारा विजयन ने पहले ही अपने हिस्से की डबिंग पूरी कर चुके हैं। वेट्टैयन' तमिल, तेलुगु, हिंदी और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होने वाली है। कुछ समय पहले कहा जा रहा था कि बॉक्स ऑफिस पर 'वेट्टैयन' की टक्कर सूर्या की 'कांगुवा' से हो सकती है। हालांकि, बाद में कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया कि सूर्या की फिल्म की तारीख को बदल दिया गया है। फिलहाल निर्माताओं ने रिलीज की तारीख को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया है।



भोजपुरी

टीवी पर आते ही 'दीदी नंबर 1' ने बनाया रिकॉर्ड, रानी ने वीडियो शेयर कर जताई खुशी

रानी चटर्जी सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं. वह खूब पोस्ट शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने बताया है कि कुछ वक्त पहले रिलीज हुई उनकी फिल्म दीदी नंबर 1 अब टीवी पर आ चुकी है और वह फिल्म टीवी पर आते ही वीक की नंबर 1 फिल्म बन गई है। इसको लेकर रानी चटर्जी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। जिसपर फैंस उनको बधाई दे रहे हैं। रानी चटर्जी ने अपने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए अपने फैंस और फिल्म के कलाकारों के साथ-साथ निर्देशकों का भी शुक्रिया अदा किया है। हाल ही में इस फिल्म का टीवी पर वर्ल्ड टेलिविजन प्रीमियर हुआ था। फिल्म को बी4यू भोजपुरी चैनल पर रिलीज किया गया था और अब इसपर टीआरपी की लिस्ट आ गई है। जिसमें इस फिल्म को 20.9 की रेटिंग मिली है। जिसके साथ यह फिल्म हफ्ते की नंबर 1 मूवी बन गई है। रानी ने वीडियो शेयर करते हुए कहा, नमस्कार दोस्तों, मैं इस वीडियो को थोड़ा लेट पोस्ट कर रही हूं, क्योंकि मैं व्यस्त थी और वक्त नहीं मिल पा रहा था। आज बहुत दिन के बाद खुशखबरी आई है, क्योंकि आपलोगों ने इतना ज्यादा प्यार दिया है, इतना आशीर्वाद दिया है कि दीदी नंबर 1 फिल्म इस वीक की नंबर 1 फिल्म बन गई है। इसके लिए आप लोगों का दिल से धन्यवाद। मैं इसके लिए संदीप जी को धन्यवाद कहना चाहती हूं जिन्होंने मुझे इस कहानी के लिए कहा था।' रानी चटर्जी ने आगे कहा, 'संदीप जी का मुझपर जो विश्वास था वो इस कहानी को लेकर उसका रिजल्ट आप लोगों ने दिया है। मुझे इतना प्यार दिया, इसके लिए मैं सबको धन्यवाद देती हूं। फिल्म में जो मेरे तीनों छोटे भाई बने थे, उन्होंने बहुत काम किया है, बहुत हार्ड वर्क किया है। आपने इसको इतना प्यार दिया, भाई-बहन की इस स्टोरी को बहुत-बहुत धन्यवाद।

कारमैन की याद में

टाईटैनिक हादसे में जान गंवाने वाली कारमैन को लेकर फैशन जगत कुछ न कुछ पेश करते रहता है। न्यूयार्क फैशन वीक के दौरान पिछले दिनों कारमैन की भावना पर आधारित कलेक्शन पेश किया गया। जिसमें ली रैडज़विल की शैली और पिना बॉश की स्नेलकेनस्र से प्रेरित बनावट, प्रिंट और स्त्रीत्व का एक रमणीय मिश्रण दर्शकों को देखने मिला। इस कलेक्शन को खूब तारीफ मिली।



ग्लोइंग त्वचा के लिए इस्तेमाल करें दूध से बनें ये फेस मास्क

अगर आप इंस्टेंट ग्लोइंग त्वचा पाना चाहती हैं तो दूध से बने फेस मास्क का इस्तेमाल कर सकती हैं। दरअसल, कच्चे दूध में मौजूद लैक्टिक एसिड स्किन की समस्याओं को आसानी से दूर करता हैं। घरेलू फेस मास्क तैयार करने के लिए आपको ज्यादा पैसे भी खर्च नहीं करने पड़ेंगे।

दूध और शहद फेस मास्क

दूध से पहला फेस मास्क बनाने के लिए एक कटोरी में 2 टेबलस्पून दूध और 1 टेबलस्पून शहद मिक्स करें। अब इन दोनों चीजों को एक साथ अच्छी तरह से मिक्स करें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। आखिर में गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। इससे आपका चेहरा खिल उठेगा।

दूध और हल्दी फेस मास्क

इस मास्क को तैयार करने के लिए एक कटोरी में 2 टेबलस्पून दूध में 1 चुटकी हल्दी मिक्स करें। अब इसे अपने चेहरे से लेकर गर्दन तक पर लगाएं। 15 मिनट के बाद अपने चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। इससे भी आपका चेहरा खिल उठेगा।

दूध और बेसन फेस मास्क

ये मास्क बनाना काफी आसान है। इसे बनाने के लिए 2 टेबलस्पून दूध में 1 टेबलस्पून बेसन मिक्स करके इसका पेस्ट बनाएं। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाकर इसे 20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। कुछ देर के बाद चेहरे को पानी से धो लें।

दूध और आलू का रस फेस मास्क

दूध के साथ-साथ आलू के रस में भी कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा के लिए काफी लाभदायक हैं। इसका मास्क तैयार करने के लिए सबसे पहले 2 टेबलस्पून दूध में 2 टेबलस्पून आलू का रस मिक्स करें। अब इसे चेहरे पर लगाकर आधे घंटे के बाद चेहरे को धो लें।

हेयर एक्सेसरीज से निखरेगा आपका व्यक्तित्व, जानिए ट्रेंड



बाल आपकी सुंदरता में चार चांद लगाते हैं और आपके पूरे व्यक्तित्व को निखार कर सामने लाते हैं। ऐसे में हेयर एक्सेसरीज आपके लुक को एक नया आयाम दे सकती है और बालों को सुंदरता के साथ सजाने में मदद कर सकती है।

पर्ल जालः यह एक्सेसरीज बन हेयर स्टाइल के साथ इस्तेमाल की जाती है, जो बेहद खूबसूरत और रॉयल लुक देती है। यह पर्ल (मोती) के साथ जाल की तरह सजाई जाती है, जो आपके बालों को एक एलिगेंट और क्लासिक लुक देती है। पर्ल जाल हेयर एक्सेसरीज खासतौर पर विशेष अवसरों, जैसे कि शादी या पार्टी के लिए उपयुक्त है। यह आपको बाजार में आसानी से मिल जाएगी।

पर्ल हेयर बैंडः पर्ल से सजाए गए हेयर बैंड्स बालों को एक गॉर्जियस लुक देते हैं। पर्ल बैंड्स खासतौर पर पार्टी या फॉर्मल इवेंट्स के लिए आदर्श होते हैं, लेकिन आप इनका इस्तेमाल डेली यूज में भी कर सकती हैं, जो आपको एक आकर्षक-सा लुक देने में मदद करेंगे। यह भी आपको बाजार में आसानी से मिल जाएंगे।

नॉट हेयर बैंड : ये हेयर बैंड नॉट डिजाइन के साथ आते हैं, जो आपको एक स्टाइलिश और ट्रेंडी लुक देते हैं। आजकल ये महिलाओं खासकर, लड़कियों की खास पसंद बने हुए हैं। नॉट हेयर बैंड्स बालों को सुसज्जित और व्यवस्थित रखने के साथ-साथ आपके आउटफिट को भी आकर्षक बनाते हैं। ये कैजुअल लुक के लिए भी उपयुक्त हैं, हालांकि इनको इस्तेमाल करना उतना आसान नहीं है, इसलिए आपको किसी की मदद लेनी पड़ती है।

हेयर क्लिप विद फ्लॉवरः इसमें आपके बाल क्लिप फ्लॉवर डिजाइन के साथ होते हैं, जो बालों में सजावट करने उसे खूबसूरत और आकर्षित दिखाने का एक तरीका है। फ्लॉवर के साथ हेयर क्लिप का यह स्टाइल आपके बालों को सुंदर और नरम लुक देने का काम करता है। यह क्लिप आमतौर पर किसी छोटे-मोटे समारोह के लिए उपयुक्त हैं और आपके लुक को खास बनाते हैं। लेकिन जरूरी है कि आप ऐसे फ्लॉवर का चयन करें, जो आपको क्लासी और खूबसूरत लुक प्रदान करें। बाजार में ये भी आपको आसानी से मिल जाएंगे।

हरतालिका तीज के लिए खरीदनी है पायल तो पहले देखें खास डिजाइन

हर साल भाद्रपद में आने वाली शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के दिन हरतालिका तीज मनाई जाती है। ये त्योहार खासतौर पर महिलाओं के लिए ही होता है, ऐसे में उनका सजना-संवरना तो बनता है। सुहागिन महिलाओं के पैरों में बिछिया के साथ-साथ पायल भी खूबसूरत लगती है। अगर आप इस हरतालिका तीज पर अपने लिए नई पायल खरीदना चाहती हैं तो पहले जान लें कि आजकल ट्रेंड में क्या है ?

पहली डिजाइन

बहुत से लोग वजन देखकर पायल खरीदते हैं। ऐसे में ये डिजाइन काफी सही रहेगी। आप चाहें तो ऐसी सिल्वर पायल का चयन कर सकती हैं। इस पर जो लाल और हरे कुंदन जड़े हैं, उसकी वजह से इसका लुक प्यारा दिख रहा है।

दूसरी डिजाइन

आजकल इस तरह की डिजाइन काफी ट्रेंड में है। आपने ज्यादातर नई दुल्हनों को इस तरह की पायल पहनें देखा होगा। इस पायल में डोली बनी है, जो कि शादी के समय दिखाई देती है।

ऐसे में आप भी इस डिजाइन का चयन कर सकती हैं।

तीसरी डिजाइन

ऐसी मल्टी लेयर पायल आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगी। अगर पैरों में भरी-भरी पायल पहनना चाहती हैं तो इस डिजाइन का चयन करें। ये आपके लुक को प्यारा दिखाने में मदद करेगी।

चौथी डिजाइन

अगर सोने की पायल लेने का सोच रहीं हैं तो ये डिजाइन एक बेहतर विकल्प है। इस पायल में मोतियों के साथ पर्ल लगा है, जिसकी वजह से इसका लुक ज्यादा खूबसूरत लग रहा है।

घर बैठे गालों को करना है गुलाबी तो अपनाएं ये नुस्खे

कुछ घरेलू नुस्खे इस्तेमाल कर आप दमकती त्वचा पा सकती हैं। खास बात ये है कि इन नुस्खो को ट्राई करने के लिए आपको न तो ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है और न ही ज्यादा पैसे खर्च करने की।

चुकंदर का रस

चेहरे की चमक बरकरार रखने के लिए चुकंदर का रस काफी फायदेमंद होता है। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले चुकंदर का रस निकालकर उसे अपने गालों पर लगाएं और 15-20 मिनट बाद धो लें। नियमित रूप से इसका इस्तेमाल करने से गालों पर गुलाबी रंगत आ सकती है।

गुलाब जल और ग्लिसरीन

ये दोनों चीजें आपकी त्वचा को ग्लोइंग बनाने में मदद करेंगी। इसके लिए गुलाब जल और ग्लिसरीन को मिलाकर रात में सोने से पहले गालों पर लगाएं। यह मिश्रण आपकी त्वचा को नमी प्रदान करेगा और गालों को चमकदार बनाएगा।

एलोवेरा जेल

ताजे एलोवेरा जेल को गालों पर 10-15 मिनट तक मसाज करें और फिर धो लें। ये त्वचा की कई परेशानियों से राहत दिलाता है।

टमाटर का रस

त्वचा को चमकदार बनाए रखने के लिए ताजे टमाटर का रस गालों पर लगाएं और 10-15 मिनट बाद धो लें। ये त्वचा से टैनिंग को भी दूर भगाता है।

कार्नर न्यूज

सामाजिक मूल्य और पारिवारिक स्थिति ने प्रभावित किया है फैशन की पसंद को

बदल रही भारतीय युवाओं की फैशन से जुड़ी पसंद, वजह भी जान लीजिए

हमारे भारतीय युवाओं की फैशन की पसंद में तेजी से बदलाव आया है। आज वैश्विक गांव में तब्दील हो चुकी दुनिया में पल-पल फैशन का ट्रेंड बदल रहा है। इस बीच भारतीय युवा भी अपनी पसंद में बदलाव ला रहे हैं। इस बदलाव के पीछे कई वजहे हैं।

संस्कृति और परिवार

भारत के युवा तेजी से वैश्विक फैशन रुझानों को अपना रहे हैं, लेकिन साथ ही, वे अभी भी अपनी सांस्कृतिक परंपराओं और मूल्यों में गहराई से जुड़े हुए हैं। परिवार की स्वीकृति और अस्वीकृति युवा लोगों के फैशन विकल्पों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, कई युवा अपने रूप-रंग के बारे में निर्णय लेने में अपने परिवारों से सहायता और मार्गदर्शन मांगते हैं।

सिनेमा

भारतीय फिल्म उद्योग ने युवा लोगों के फैशन विकल्पों को आकार देने में प्रमुख भूमिका निभाई है, जिसमें कई लोग अपने पसंदीदा अभिनेताओं और अभिनेत्रियों पर देखे गए नवीनतम फैशन रुझानों से प्रेरणा लेते हैं।

अमीर मध्यम वर्ग

युवाओं के बीच बदलते फैशन के रुझान में योगदान देने वाले प्रमुख कारकों में से एक भारत के मध्यम वर्ग का उदय है। इस बढ़ते जनसांख्यिकीय के पास अधिक डिस्पोजेबल आय है, और परिणामस्वरूप, वे नए, ट्रेंडी और फैशनेबल कपड़ों में निवेश करने में सक्षम हैं। वैश्विक फैशन और जीवन शैली ब्रांडों के बढ़ते संपर्क के साथ, भारत के युवा नए फैशन रुझानों के बारे में अधिक जागरूक हो रहे हैं और उनके साथ प्रयोग करने के लिए उत्सुक हैं।

सोशल मीडिया

युवाओं के बीच बदलते फैशन ट्रेंड में योगदान देने वाला एक और कारक सोशल मीडिया का प्रभाव है। इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने युवाओं के लिए वैश्विक स्तर पर फैशन ट्रेंड को फॉलो करना और बनाए रखना आसान बना दिया है।

परिवार की स्वीकृति और अस्वीकृति

भारत के कई परिवारों में, माता-पिता और युवाओं के बीच अक्सर इस बात को लेकर विवाद होता है कि क्या पहनना है और क्या नहीं।